डाक पंजीयन नं. 99/2021—23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5



PG-5

सिनेमाः ऋषि कपूर को याद कर भावुक हुए रणबीर कपूर

वर्ष -08 अंक -101 | प्रयागराज, शनिवार 25 जून, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व में रहने योग्य अच्छे शहरों में दिल्ली 112वें पायदान पर

**नई दिल्ली** ।सूची में भारी उलटफेर से ऑकलैंड ने खोया ताज शीर्ष 10 में कई यूरोपीय शहरों ने जगह बनाई है। दूसरे नंबर पर डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन है। उसके बाद स्विट्जरलैंड का ज्यूरिख है। स्विस शहर जेनेवा छठे और जर्मनी का फ्रैंकफर्ट सातवें नंबर पर है। नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम नौवें नंबर पर है।दुनिया में रहने योग्य सबसे अच्छे शहरों में भारत समेत दक्षिण एशियाई देशों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। कुल 140 शहरों की इस सूची में दिल्ली 112वीं पायदान पर रहा जबकि ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना भारी उलटफेर करते हुए प्रथम स्थान पाया है। कोरोना महामारी के कारण वियना का यह स्थान ऑकलैंड ने छीन लिया था। सूची में मुंबई 117वें स्थान पर रहा। द इकोनॉमिस्ट पत्रिका द्वारा जारी वार्षिक वैश्विक लिवेबिलिटी सूचकांक में इस साल ऑकलैंड 34वें नंबर पर चला गया है, जबकि वियना ने अपनी जगह वापस पा ली है। इस सूची में शहरों की रैंकिंग राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता, अपराध, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच समेत कई कारकों के आधार पर की गई है। इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (इन्यूआई) की रिपोर्ट के अनुसार, दस शीर्ष शहरों में वियना, मेलबोर्न, ओसाका, कैलगरी, सिडनी, वैंकूवर, टोक्यो, टोरंटो, कोपेनहेगन और एडिलेड हैं। कराची-ढाका सबसे कम रहने योग्य शहर इन्यूआई के मुख्य अर्थशास्त्री व एशिया के प्रबंध निदेशक सिमॉन बैप्टिस्ट ने कहा, वैश्विक लिवेबिलिटी सूचकांक में दक्षिण एशियाई शहरों का प्रदर्शन काफी खराब रहा। दक्षिण एशियाई 6 शहरों में दिल्ली (112) शीर्ष पर रहा और उसके बाद मुंबई (117) को रखा है। पाकिस्तान की वित्तीय राजधानी कराची व बांग्लादेश की राजधानी ढाका को दुनिया में सबसे कम रहने लायक शहरों में रखा गया। चीनी राजधानी बीजिंग 71वें नंबर पर है जबकि सीरिया की राजधानी दमिश्क को सूची में सबसे नीचे जगह मिली है।

## कोरोना वैक्सीन से बची 42 लाख से ज्यादा भारतीयों की जान

**नई दिल्ली** । 8 दिसंबर, 2020 और 8 दिसंबर, 2021 के बीच किए गए अध्ययन में कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या का अनुमान लगाया गया जिसमें पता चला है कि भारत में कोरोना वैक्सीन से 42 लाख लोगों की जान बचाई गई। कोरोना महामारी से बचाव के लिए बनाई गई वैक्सिन भारत के साथ-साथ अन्य देशों के लिए संजीवनी साबित हुई है। इस वैक्सीन ने भारत में जहां 42 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई है वहीं पूरी दुनिया में दो करोड़ से अधिक लोगों को मौत के मुंह में जाने से रोका है। जर्नल के दिसंबर 2020 से दिसंबर 2021 तक के आंकड़ों में यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने कहा कि दुनिया में कोरोना से 3.14 करोड़ मौतों का अनुमान लगाया गया था लेकिन टीकाकरण की वजह 1.98 करोड़ की जान बचाई गई। अध्ययन का अनुमान है कि अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2021 के अंत तक दो या अधिक खुराक के साथ प्रत्येक देश में 40 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण करने का लक्ष्य पूरा किया गया होता तो और 5,99,300 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। भारत पर बड़ा खतरा था लेकिन टीकाकरण ने टाल दियाः ओलिवर वाटसन अध्ययन के प्रमुख लेखक ओलिवर वाटसन ने कहा कि भारत के लिए, हमारा अनुमान है कि इस अवधि में टीकाकरण से 42 लाख से अधिक मौतों को रोका गया। इस मॉडलिंग अध्ययन से पता चलता है कि भारत में टीकाकरण अभियान ने लाखों लोगों की जान बचाई है। यह टीकाकरण के उल्लेखनीय प्रभाव को दर्शाता है, विशेष रूप से भारत में, जो डेल्टा संस्करण के प्रभाव का अनुभव करने वाला पहला देश था। भारत में 51 लाख से अधिक लोगों की मौत का अनुमान लगाया गया था लैंसेट स्टडी के अध्ययन के अनुसार भारत में कोरोना महामारी के दौरान 51 लाख से अधिक लोगों की मौत का अनुमान लगाया गया था लेकिन कोरोना टीकाकरण की वजह से लाखों लोगों की जान बचाई गईं। बता दें कि महामारी की शुरुआत से अब तक भारत में 5,24,941 मौतें दर्ज की गई हैं। यानी कहा जाए तो टीकाकरण बहुत ही प्रभावी साबित हुआ जिससे कि 10 गुना कम लोगों की मौत हुई।



### भारत-ऑस्ट्रेलिया के लिए चीन सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता

**ऑस्ट्रेलिया।** उप प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री रिचर्ड मार्लेस ने कहा, चीन आक्रामकता के सहारे पड़ोसी सीमाओं को कब्जाने में जुटा है। चाहें पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर दो साल पहले की स्थिति हो या दक्षिण चीन सागर की चालबाजी। चीन नियमों को ताक पर रखकर अपनी ताकत दिखाकर भय पैदा करने और जमीन हथियाने की रणनीति पर चल रहा है। मार्लेस चार दिवसीय भारत दौरे पर हैं। मार्लेस ने कहा, ऑस्ट्रेलिया और भारत के लिए चीन 'सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता' है क्योंकि वह हमारे आसपास ऐसी दुनिया बनाने की कोशिश में जुटा है, जैसा कभी पहले नहीं देखा गया। पिछले कुछ वर्षों में हमने खासतौर पर इस संबंध में चीन के अधिक आक्रामक व्यवहार को महसूस किया है। चीन सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी उसका सबसे बड़ा कारोबारी सहयोगी है। साथ ही वह हमारे और भारत के लिए भी सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद को लेकर ऑस्ट्रेलिया उसके साथ एकजुटता से खड़ा है।

## भारतीय राजदूत रावत चीनी विदेश मंत्री से बोले- एलएसी पर शांति बनाए रखने के लिए गंभीरता से सोचे चीन

**नई दिल्ली** । चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रावत से कहा, भारत के साथ साझा हित हमारे मतभेदों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। दोनों पक्षों को एक-दूसरे को कमजोर करने के बजाय समर्थन देना चाहिए, एक-दूसरे के खिलाफ सुरक्षा के बजाय सहयोग को मजबूत करना चाहिए। आपसी विश्वास को बढ़ाना चाहिए। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की और सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखने की गंभीरता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एशिया व दुनिया के नजरिये से दोनों देशों के बीच सीमा क्षेत्रों में ने बुधवार को डियाओयुताई स्टेट गेस्ट हाउस में चीनी विदेश मंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट की। पद संभालने के बाद विदेश मंत्री के साथ उनकी पहली मुलाकात थी। रावत और वांग के बीच द्विपक्षीय एवं बहुआयामी मुद्दों पर चर्चा हुई। वांग यी ने कहा, दोनों देशों के नेतृत्व के बीच उच्चतम स्तर पर, एशिया और दुनिया के लिए द्विपक्षीय संबंधों के महत्व पर सहमति है। रावत ने भी इस पर सहमति जताई साथ ही इसे पूरी क्षमता से साकार करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और शांति बनाए रखने की गंभीरता पर बल दिया। दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी तनाव के बीच रावत व वांग की मुलाकात महत्वपूर्ण है। सीमा पर शांति बहाल करने के लिए दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की बातचीत जारी है। इसके परिणाम स्वरूप ही दोनों देशों ने पेंगॉन्ग झील के उत्तर व दक्षिण और गोगरा इलाके से पूरी तरह सेनाएं हटा ली है।



## जिंदगी का खौफनाक अंतः लिव इन में रह रही महिला की दर्दनाक मौत, अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिरी, बंधे हुए थे हाथ

**आगरा** । उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। घटना को देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान अपार्टमेंट के लोगों ने तीन आरोपियों को मौके से दबोच लिया, जिसमें एक आरोपी महिला का पति भी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार महिला यहां किसी व्यक्ति के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। सूचना मिलते ही एसएसपी भी मौके पर पहुंच गए। मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अपार्टमेंट के लोगों द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। महिला के हाथ बंधे हुए थे।लोगों ने पुलिस को बताया कि घटना करीब 11 बजे की है। लिफ्ट से जाने के दौरान उन्होंने महिला को गिरते हुए देखा। इसके बाद वे लोग नीचे पहुंचे, जहां महिला खून से लथपथ पड़ी थी। लोगों ने इसके बाद तत्काल ही पुलिस के सूचना दी। घटना थाना ताजगंज के नगला मेवाती स्थिति श्री अपार्टमेंट की है। महिला की उम्र करीब 30 साल है। उसकी पहचान रितिका सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह फिरोजाबाद के विपुल अग्रवाल के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। महिला का उसके पति आकाश गौतम से विवाद चल रहा था। बताया गया है कि आज आकाश अपने दो परिचितों और परिवार की दो महिलाओं के साथ फ्लैट पर आया था। जिसके बाद आपस में मारपीट हो गई। आरोप है कि पति ने रितिका को नीचे फेंक दिया। रितिका के हाथ बंधे हुए थे। पुलिस ने पति और दो लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।





## पहली बार हार्ट अटैक के बाद धड़का दिल

**नई दिल्ली** ।मांसपेशियों की कोशिकाओं को ठीक और पुनर्जीवित किया गया। एमआरएनए शरीर में प्रोटीन का निर्माण करते हैं, जो कि मांसपेशियों पर हमला करने वाले वायरस को मारने में काफी हद तक काम करता है। वैज्ञानिकों ने दौरा पड़ने के बाद पहली बार हृदय की कोशिकाओं का उपचार कर उन्हें पुनः जीवित करने में सफलता पाई है। दिल की बीमारियों को ठीक करने की दिशा में काम कर रहे टेक्सास के ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने चूहों पर इसका सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इन्सानों में भी परीक्षण सफल रहा तो हजारों लोगों की जान बचाई जा सकेगी इस प्रयोग में एक सिंथेटिक मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक एसिड (एमआरएनए) का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक में एमआरएनए इंजेक्शन डीएनए का एक 'ब्लूप्रिंट' बनाता है, जिसका इस्तेमाल शरीर में प्रोटीन बनाने के उस जगह होता है, जहां पर प्रोटीन हमारी कोशिकाओं को बनाता व नियंत्रित करता है वैज्ञानिकों के मुताबिक, नई तकनीक से मांसपेशियों की कोशिकाओं को ठीक और पुनर्जीवित किया गया। एमआरएनए शरीर में प्रोटीन का निर्माण करते हैं, जो कि मांसपेशियों पर हमला करने वाले वायरस को मारने में काफी हद तक काम करता है। इलाज की नई विधिः सफलता की इस सीढ़ी तक इससे पहले कोई नहीं पहुंच सका था। विज्ञान के अनुसार हृदय की मांसपेशियों के दोबारा जीवित होने के आसार एक प्रतिशत से भी कम होते हैं। प्रयोग आगे भी सफल रहा तो इन्सानों के इलाज की नई विधि विकसित होगी। -रॉबर्ट श्वाज, जीव विज्ञानी, ह्यूस्टन विश्वविद्यालय ऐसे किया गया परीक्षण चूहों पर किए गए इस परीक्षण में टिश्यू कल्चर (जीवों में कोशिकाओं को जीवित रखने की प्रक्रिया) और जीवित चूहों का इस्तेमाल किया गया। इन चूहों में वाईएपी5एसए एक गेमचेंजर की तरह काम करता पाया गया। इस प्रयोग में दिल की बीमारी से जूझ रहे चूहे में म्यूटेशन देखा गया। इंजेक्शन के 24 घंटों में ही मायोसाइट (दिल में पाया जाने वाली एक कोशिका) में 15 गुना तक सुधार दिखाई दिया। स्टेमिन और वाईएपी5एसए नामक प्रोटीन हृदय की कोशिकाओं (कार्डियोमायोसाइट्स) को सक्रिय कर देते हैं। यह उन मांसपेशियों को जीवित करता है, जिनकी काम करने की क्षमता न के बराबर होती है। स्टेमिन इंजेक्शन स्टेरॉइड्स नामक दवाओं के समूह से संबंधित है।



## उपचुनाव में कम वोटिंग पर भड़के आजम, आजादी के बाद रामपुर में अब तक का सबसे कम मतदान

**रामपुर।** लोकसभा क्षेत्र में सन 67 में सर्वाधिक 67.16 प्रतिशत पड़े थे वोट लेकिन इस बार सबसे कम वोटिंग हुई। आजाद हिंदुस्तान का पहला लोकसभा चुनाव वर्ष 1951 में हुआ था। तब रामपुर सीट से कांग्रेस के टिकट पर मौलाना अबुल कलाम आजाद मैदान में थे।रामपुर लोकसभा सीट पर आजादी के बाद जहां पहली बार उपचुनाव का नया अध्याय जुड़ा है, वहीं अब तक हुए लोकसभा चुनावों में सबसे कम मतदान का नया रिकॉर्ड भी बना है। इस उपचुनाव में रामपुर लोकसभा सीट पर कुल 41.01 प्रतिशत वोट पड़े हैं। कम मतदान पर सपा नेता आजम खां काफी नाराज नजर आए। उन्होंने प्रशासन की सख्ती को इसका कारण बताया और कहां इतनी अधिक संख्या में पुलिसकर्मी खड़े कर दिए तो भय के कारण लोग वोट डालने ही नहीं आए। आजाद हिंदुस्तान का पहला लोकसभा चुनाव वर्ष 1951 में हुआ था। तब रामपुर सीट से कांग्रेस के टिकट पर मौलाना अबुल कलाम आजाद मैदान में थे। उनका मुकाबला हिंदू महासंघ के प्रत्याशी बिशन चंद्र सेठ से हुआ था। मौलाना आजाद ने यह चुनाव 34753 मतों से जीता था और देश के पहले शिक्षा मंत्री बने थे। वर्ष 1951 के पहले लोकसभा चुनाव में रामपुर में 48.22 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके बाद वर्ष 2019 तक रामपुर में हुए 17 लोकसभा चुनावों में इतना कम मतदान औसत (41.01 प्रतिशत) किसी चुनाव में नहीं रहा। साल 2019 के सामान्य लोकसभा चुनाव में जिले में मतदाताओं ने जमकर वोट डाले थे और रामपुर में 63.26 फीसदी मतदान हुआ था। हालांकि रामपुर का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वर्ष 1967 के चुनाव में 67.16 प्रतिशत रहा था। इस बार का उपचुनाव रामपुर लोकसभा सीट का 18वां चुनाव है। इसमें मतदान का औसत 41.01 प्रतिशत पर ही ठिठक गया, जो रामपुर के चुनावी इतिहास में सबसे कम मतदान हैसमाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक आजम खां ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन चाहता तो चुनाव निष्पक्ष हो सकता था लेकिन यहां एक-एक गली में पांच-पांच सौ पुलिस वाले खड़े कर दिए। ऐसे में निष्पक्ष चुनाव कैसे संभव है, जब मतदाताओं को घरों से निकलने ही नहीं दिया जाएगा। उन्होंने मतदान में धांधली का आरोप भी लगाया। रामपुर लोकसभा सीट का उपचुनाव सीधे तौर पर सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने खुद अपने करीबी आसिम राजा को प्रत्याशी बनाने का एलान किया था लेकिन बृहस्पतिवार को हुए कम मतदान को लेकर आजम खां का गुस्सा साफ झलक गया। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को थानों में बंद कर दिया। मतदान प्रतिशत कम रहने के लिए सरकार और रामपुर जिला प्रशासन जिम्मेदार है। आजम खां के साथ उनकी पतनी डॉ. तंजीन फात्मा और विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम खां ने भी मतदान में धांधली का आरोप लगाया है। जिले में एक तरफ उपचुनाव का मतदान चला तो दूसरी ओर सपा नेता आजम खां के बेटे एवं स्वार सीट से विधायक अब्दुल्ला आजम ने बृहस्पतिवार को लोकसभा उपचुनाव में मतदान के दौरान कई ट्वीट किए। जिन पर उनके फालोअर्स ने रिप्लाई भी किया है। अब्दुल्ला आजम ने एक ट्वीट किया कि रामपुर उपचुनाव में एक नया नियम आया है- दो आईडी दिखाकर डालेगा वोट। एक अन्य ट्वीट में अब्दुल्ला आजम ने भाजपा प्रत्याशी समेत कुछ पुलिस अधिकारियों के पदनाम लिखते हुए भाजपा के आठ प्रत्याशी होने की बात कही। दूसरे ट्वीट में लिखा कि ऐसे चुनाव से कोई फायदा नहीं तो एक अन्य ट्वीट में लिखा कि ऐसे चुनाव का क्या फायदा। एक ट्वीट में अब्दुल्ला आजम ने लिखा कि लोकतंत्र पर ठोकोराज भारी, बधाई हो मेरा देश बदल रहा है। वहीं एक अन्य ट्वीट में अब्दुल्ला आजम ने अपील करते हुए कहा कि रामपुर जिले के लोगों से अपील है कि डंडा खा ले लेकिन, वोट जरुर डाले, ये वोट आपके अपने मुस्तकबिल के लिए है। जेठानी का वोट डालने गई महिला हिरासत में मोहल्ला विशारतनगर स्थित बूथ पर दोपहर करीब 2:00 बजे टांडा हुरमतनगर निवासी एक महिला को पीठासीन अधिकारी द्वारा फर्जी मतदान करने का आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी मयंक गोस्वामी व पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह के हवाले कर दिया।






# अंतर्जनपदीय कुख्यात बमबाज़ गैंग का आतंक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** थाना सिविल लाइन्स अंतर्जनपदीय कुख्यात बमबाज़ गैंग (विवेक यादव उर्फ़. विवेक बाग़ी गैंग) का भाण्डाफोड़ विगत 20 जून की रात्रि हरीश ढाबे पर बमबाज़ी मामले पर गहराई से काम किया गया तो एक अंतर्जनपदीय गैंग का भाण्डाफोड़ हुआ है। विवेक यादव उर्फ़. बाग़ी गैंग। विवेक बाग़ी मूलतः बलिया का रहने वाला है। विवेक बाग़ी गैंग कम से कम 8 सदस्यों वाला गैंग है। जिसमें से सरग़ना विवेक यादव उर्फ बाग़ी समेत 05 लोगों को गिरफ़्तार कर लिया गया है। शेष 03 सदस्यों को गिरफ़्तार करने हेतु टीमें काम कर



रही हैं घटना में प्रयुक्त स्विफ़्ट कार बरामद की गई। कार से 05 ज़िन्दा बम एवं बदमाशों के क़ब्ज़े से तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। यह गैंग इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के हॉलैण्ड हॉल छात्रावास के कमरा नम्बर 04, 30 और 70 में अवैध रूप से निवास करता था। इस गैंग के सदस्य मऊ, गाजीपुर, बलिया, अमेठी, प्रतापगढ़, जौनपुरङ और प्रयागराज के रहने वाले पाए गए हैं। यह एक अंतर्जनपदीय गैंग है। जिनके सदस्यों पर हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, आगज़नी, बमबाज़ी और धोखाधड़ी से संबंधित कई मुक़दमे दर्ज पाए गए है इस कुख्यात बाग़ी गैंग के बाक़ी सदस्यों की गिरफ़्तारी और अन्य जानकारी हेतु एक विशेष टीम गठित की गई है। अग्रेतर प्रगति से अवगत कराया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विलास गुप्ता**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पूरे मनोयोग के साथ कार्य को पूरा करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जब आप कार्य को पूरे मनोयोग से करते है, तो कार्य की गुणवत्ता परिलक्षित होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि लक्ष्य बनाकर स्वयं तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को कार्यों को दे तथा उसकी सघन मानीटरिंग करें, जो भी अधिकारी या कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य करेगा, उसे सम्मानित भी किया जायेगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को तहसीलवार सम्मानित किया, सम्मानित होने वालों में तहसील सदर के राजस्व निरीक्षक श्वेता सिंह पटेल तथा लेखपाल श्री शैलेन्द्र सिंह, तहसील सोरांव के राजस्व निरीक्षक श्री



चित्रसेन कुमार यादव तथा लेखपाल श्री अवनीश कुमार पाण्डेय, तहसील फूलपुर के राजस्व निरीक्षक श्री कुंवर देवव्रत सिंह तथा लेखपाल श्री विनय कुमार सिंह, तहसील हण्डिया के राजस्व निरीक्षक श्री राजेश कुमार तथा लेखपाल श्री जीत बहादुर श्रीवास्तव, तहसील करछना के राजस्व निरीक्षक श्री पृथ्वीराज सिंह तथा लेखपाल श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, तहसील कोरांव के राजस्व निरीक्षक श्री पंकज उपाध्याय तथा लेखपाल श्री इन्द्रेश कुमार, तहसील मेजा के राजस्व निरीक्षक श्री श्याम सुंदर बैस तथा लेखपाल श्री राकेश तिवारी तथा तहसील बारा के राजस्व निरीक्षक श्री जैसवार हंसराज तथा लेखपाल श्री मिथिलेश कुमार मिश्र है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिकायत कर्ता है, उसकी बातों को सुने तथा उसकी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वरासत के कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा। उन्होंने सम्मानित किए गए कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही साथ ये कर्मचारी अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीगण, उपजिलाधिकारीगण एवं सम्बंधित सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता ने एसआरएन अस्पताल के 25 कर्मचारियों पर दर्ज़ कराया मुक़दमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विलास गुप्ता**

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के वार्ड 11 में डॉक्टर और तीमारदार के बीच हुई मारपीट के बाद पुलिस ने माहौल शांत करा दिया था लेकिन इस मामले में अधिवक्ता झूंसी निवासी रोहित पांडेय ने स्वरूपरानी अस्पताल के 20-25 कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया है। एफआईआर के मुताबिक 23 जून की रात आठ बजे वह मरीज को देखने वार्ड नंबर 11 में गए थे। मरीज की हालत बिगड़ने पर वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से पूछताछ की तो वे भड़क उठे। आरोप है कि रोहित और शिवम मिश्र से कर्मचारियों ने हाथापाई शुरू कर दी। बंधक बनाकर मारने पीटने लगे। चेन छीन ली। मोबाइल तोड़ दिया। शोर मचाने पर पुलिसकर्मी पहुंच गए। इसके बाद उनकी जान बची। कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच करके कार्रवाई की जाएगी।



# सामूहिक विवाह योजना के तहत 96 युवक युवती बँधे दाम्पत्य सूत्र के बँधन में

**आधुनिक समाचार सेवा**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विधानसभावार कुल 96 युवक-युवती दांपत्य सूत्र के बंधन में बँधकर एक नए जीवन का शुभारंभ किए। इनका विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पनन हुआ जिसमें 68 अनुसूचित जाति, 24 पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग के 01 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 03 जोड़ो का विवाह कराया गया। विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास के अन्तर्गत ब्लाक लालगंज में 06 जोड़ो,विधानसभा क्षेत्र विश्वनाथगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड लक्ष्मणपुर में 22 जोड़ों का विवाह, विधानसभा क्षेत्र पट्टी अन्तर्गत विकास खण्ड पट्टी में 22 जोड़ों का विवाह, विधानसभा क्षेत्र सदर अन्तर्गत विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका में 28 जोड़ो तथा विधानसभा क्षेत्र रानीगंज अन्तर्गत विकास खण्ड परिसर बाबा बेलखरनाथ धाम में 18 जोड़ों का विवाह सम्पनन हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम



स्थल विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण तथा अन्य कार्यक्रम स्थलों पर सम्बन्धित ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण,अधिकारीगण व अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहकर वर-वधू को आर्शीवाद व प्रमाण देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब,असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कन्या के दाम्पत्य के जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रूपये 51000 प्रदान की जाती है जिसमें रूपये 35000 की धनराशि कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जाती है, विवाह संस्कार के लिये आवश्यक सामग्री (कपड़े, बिछिया, चांदी के पायल एवं सात बर्तन) हेतु रूपये 10000 तथा कार्यक्रम के आयोजन हेतु रूपये 6000 की धनराशि व्यय की जाती है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार द्वारा दी गयी है।

# मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विलास गुप्ता**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त ने संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माणाधीन कार्यों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ण किये जाने के दिए निर्देश मण्डलायुक्त ने आरसी की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किये जाने के दिए निर्देश आईजीआरएस पर आए असंतोषजनक फीडबैक पर की गयी कार्रवाई पर नाराजगी दिखाते हुए अधीक्षण अभियंता विद्युत, डीडी पंचायत, खाद्य एवं रसद विभाग के संयुक्त आयुक्त से स्पष्टीकरण । ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा में कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बरसात में गोवंश आश्रय स्थलों पर पानी न भरने पाए यह सुनिश्चित करने को कहा। मण्डलायुक्त श्री संजय गोयल की अध्यक्षता में गुरूवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली, आईजीआरएस के साथ-साथ विकास प्राथमिकता के कार्यों की



प्रगति के सम्बंध में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने कर-करेत्तर से सम्बंधित विभागों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए वाणिज्य कर विभाग, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्टेट्रशन, परिवहन, विद्युत विभाग, खनन विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। आबकारी विभाग की राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने जनपद फतेहपुर की वसूली कम पाये जाने पर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने सभी विभागों द्वारा जारी की गयी आरसी के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी विभागों को आरसी वसूली की कार्रवाई में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है साथ ही इस सम्बंध में बनाये गये नोडल अधिकारियों, तहसीलदारों के साथ लगातार सम्पर्क में रहकर वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए असंतोषजनक फीडबैक पर की गयी कार्रवाई के सम्बंध में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली, जिसपर संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर अधीक्षण अभियंता विद्युत, डीडी पंचायत, खाद्य एवं रसद विभाग के संयुक्त आयुक्त से स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि किसानों का नुकसान किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर जाकर उनके दावों की पड़ताल कर पात्र लोगों को योजना से लाभान्वित कराने के लिए कहा है। निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने लक्ष्य में जनपद प्रतापगढ़ की प्रगति ठीक न पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने गोवंशों को संरक्षित किए जाने की स्थिति में सुधार लाये जाने के लिए कहा है। टीकाकरण कार्यक्रम का डाटा त्रुटिपूर्ण प्रस्तुत करने की लापरवाही पर डीडी पशुपालन से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने बरसात के मौसम को देखते हुए गोवंश आश्रय स्थलों पर पानी न भरने पाए, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थायें कराये जाने के लिए कहा है साथ ही पिछले वर्षों में जिन गोशालाओं में जलभराव हुआ था, उनको चिन्हित कर सही कराये जाने के निर्देश दिए है, जिन गो आश्रय स्थलों को शिफ्ट करना पड़ता है, उसकी कायर्योजना अभी से ही बना लेने के लिए कहा है। उन्होंने गोवंश आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में भूसा-चारा की व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी पात्र लोगो को योजना के लाभ से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने इसके लिए जनपद प्रयागराज में आयुष्मान मित्र के माध्यम से भी पात्र लोगो का गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने इसके लिए आयुष्मान मित्र रखे जाने की कायर्योजना पर काम करने के लिए कहा है। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा में कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद प्रयागराज एवं कौशाम्बी की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को पूरा कराये जाने के लिए कहा है। ग्रामीण पाइप्ड पेयजल योजना(हर घर जल योजना) की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि योजना के अन्तर्गत कार्य को तेजी के साथ पूरा कराये जाने के लिए श्रमिकों की संख्या को बढ़ाये जाने के लिए कहा है साथ ही जहां पर भी भूमि से सम्बंधित समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करा लें। जहां पर जमीन उपलब्धत हो गयी है, वहां पर डीपीआर बनाकर कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज श्री संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ डॉ0 नितिन बंसल, जिलाधिकारी कौशाम्बी श्री सुजीत कुमार सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारीगणों के साथ ही संयुक्त विकास आयुक्त एवं अन्य विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षय रोग के लक्षण होने पर जाँच करवाने का दिया परामर्श

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।**लेबर मार्केट चौक घण्टाघर में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मजदूरों को क्षय रोग से सम्बन्धित जानकारी दी गयी जिसमें उन्हें बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को या उसके आस-पास, पड़ोस में अगर दो सप्ताह से खासी, बुखार, वजन कम होना, भूख न लगना, सीने में दर्द एवं बलगम के साथ खून आना इनमें से कोई लक्षण हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर बलगम की जाँच अवश्य करायें इसमें लापरवाही न बरते। अगर किसी का टी0बी0 का इलाज चलता है तो उसे सरकार द्वारा टी0बी0 के मरीजों को निःक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत 500 रूपये प्रतिमाह डी0बी0टी0 के माध्यम से उनके खाते में दिया जाता है। टी0बी0 जन जागरूकता कार्यक्रम में मजदूरों को टी0बी0 रोग का इलाज पूर्ण करने की सलाह दी गयी, अगर इलाज बीच में ही छोड़ देते है तो बिगड़ी हुयी टी0बी0 का रूप जिसे एमडीआर कहते है सम्भावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम में टी0बी0 के 13 संदिग्ध मरीजों को बलगम जांच हेतु स्पूटम कप दिया गया। टीबी जनजागरूकता कार्यक्रम में हेमन्त शुक्ला, पीपीएम समन्वयक रामेन्द्र तिवारी, टीबी सुपरवाइजर रूपेश गुप्ता, आदिल रशीद अंसारी, अजीत सिंह, बालेन्द्र सिंह ने प्रतिभाग किया और टीबी हारेगा, देश जीतेगा नारे के साथ जयघोष किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 सी0पी0 शर्मा ने बताया कि टीबी स्वास्थ्य कैम्प एवं जन जागरूकता अभियान जनपद के सभी ब्लाक में कराया जा रहा है। जिस क्षेत्र में टी0बी0 के 04 से अधिक मरीज है वहां स्वास्थ्य कैम्प लगाकर सभी की स्क्रीनिंग की जा रही है।

# जुमे की नमाज़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, ड्रोन कैमरे से रखी गयी नज़र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विलास गुप्ता**

**प्रयागराज।** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिये गए हैं। दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन कैमरे से भी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों पर नजर रखी गयी। हालांकि स्थितियां पूरी तरह



वहीं अटाला क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की गाडिया भी शुक्रवार की सुबह से ही मौजूद रहीं। फिलहाल शान्तिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज पढी गयी। पुलिस अधिकारियों शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। वहीं पुलिस टीमों के साथ जुटे संगठनों के लोगों, मुस्लिम तंजीमों, समाजसेवियों से कहा कि वह क्षेत्र में रहें और हर जानकारी को पुलिस प्रशासन के साथ शेयर करें। एसपी सिटी सामान्य हो चुकी है वहीं डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि सुरक्षा के मद्देनजर अफसरों को तैनात किया गया है। 10 जून को हुए बवाल के बाद अब स्थितियां लगभग पूरी तरह से सामान्य हो चुकी है। सड़कों पर रौनक है तो वहीं हिंसा प्रभावित क्षेत्र करेली, रसूलपुर, नुरुल्लाह रोड के आसपास की लगभग 90 प्रतिशत दुकानें खुलने लगी है जिससे लोगों की जिंदगी पटरी पर आने लगी है।


## प्रवेश सूचना

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्र:** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटें पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 30 जून 2022 है।
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्र:– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# जौनपुर में दर्दनाक हादसा: दूध गर्म करते वक्त सिलिंडर में रिसाव से लगी आग, मां-बेटे समेत चार की मौत, पिता गंभीर

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर जिले के केवटली गांव में गुरुवार अलसुबह दर्दनाक हादसा हो गया। रसोई गैस सिलिंडर में लगी आग ने कहर बरपाया। आग की चपेट में आने से मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के



जौनपुर जिले से दर्दनाक घटना सामने आई है। केवटली गांव में गुरुवार अल सुबह रिसाव से गैस सिलिंडर में आग लग गई। आग की चपेट में आकर दंपती और उनके बच्चों समेत पांच लोग झुलस गए। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मां-पुत्र समेत तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं एक व्यक्ति और उसके तीन साल के बेटे की हालत गंभीर थी, लेकिन इलाज के वक्त बेटे की भी मौत हो गई। घटना से गांव में मातम पसर गया है। महराजगंज थाना क्षेत्र के केवटली गांव निवासी अखिलेश विश्वकर्मा (30) की पतनी नीलम (28) गुरुवार अलसुबह रिहायशी छप्पर में बने रसोई घर में दूध गर्म करने के लिए गई। उसी छप्पर में उसके दो बच्चे शीवांस (5), युवराज (3) और पति अखिलेश सो रहे थे। नीलम ने जैसे ही माचिस जलाई कि सिलिंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग छप्पर तक पहुंच गई। आग तेजी से धधकने लगी तो नीलम तुरंत वहां से भागी और मदद के लिए गुहार लगाने लगी। पति और दोनों बच्चे आग में घिरे थे जिन्हें बचाने के लिए नीलम अंदर दाखिल हुई और वो भी आग में घिर गई। चीखपुकार सुनकर अखिलेश का बड़ा भाई सुरेश (32) पहुंचा। आग इतना भयावह रूप ले चुकी थी कि उसके सामने टिक पाना मुश्किल हो रहा था। घर वालों का शोर-शराबा व घर से उठते धुएं को देख आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस को सूचना दी गई और छप्पर को किसी तरह से तोड़कर आग में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया और अंदर फंसे पति-पतनी समेत दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया। परिजनों को बचाने की कोशिश में सुरेश भी गंभीर रूप से झुलस गया। छप्पर में रखा गृहस्थी का सारा सामान भी जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से झुलसे लोगों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर नीलम, उसके बेटे शीवांस (5) और जेठ सुरेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अखिलेश और उसके तीन साल के बच्चे को बीएचयू में भर्ती कराया गया जहां बेटे की मौत हो गई। फिलहाल अखिलेश का इलाज चल रहा है। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया।

# वाराणसी: जेल से गैंग आपरेट कर रहा है गैंगस्टर झुन्ना पंडित निशाने पर कालोनाइजर और बड़ी कंपनियों के सेल्समैन

**वाराणसी।** लूट, रंगदारी और विवादित जमीनों पर दखल के लिए नए युवाओं की फौज तैयार कर रहा है। पांडेयपुर के रमदत्तपुर, हाशिमपुर में झुनन की क्राइम कंपनी चल रही है। झुनन के एक इशारे पर वारदात को अंजाम दिया जा रहा है।वाराणसी में तीन साल पहले दिव्यांग हत्याकांड से जरायम जगत में एक लाख का इनामी और पंजाब के रोपड़ में गिरफ्तारी से सुखियों में आए श्रीप्रकाश मिश्रा उर्फ झुनन पंडित चित्रकूट जेल से ही गैंग को आपरेट कर रहा है। लूट, रंगदारी और विवादित जमीनों पर दखल के लिए नए युवाओं की फौज तैयार कर रहा है। पांडेयपुर के रमदत्तपुर, हाशिमपुर में झुनन की क्राइम कंपनी चल रही है। झुनन के एक इशारे पर वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। मालवाहक वाहन के खलासी की हत्या में गिरफ्तार दोनों शूटरों ने पुलिस को कई चौंकाने वाली जानकारियां दीं। गुटखा कंपनी के मालवाहक वाहन के खलासी मनीष यादव की हत्या और चालक लालजी पाल पर फायरिंग का सिर्फ मकसद था कि उनके पास रखे रकम




को लूटना। जबकि दोनों खाली हाथ ही आजमगढ़ से माल अनलोड करके लौट थे। बड़ी रकम लूट की योजना चित्रकूट जेल में बंद झुनन के इशारे पर ही भक्तिनगर, हाशिमपुर में बनी थी। इस घटना को अंजाम देने के लिए झुनन ने ही शूटरों की व्यवस्था कराई और उसके गैंग के दीपांकर, रोहित यादव और अभिषेक पटेल, प्रमोद गुप्ता, श्याम बाबू वर्मा और विकास सिंह यह सब पांडेयपुर क्षेत्र में ही भक्तिनगर, हाशिमपुर और रमदत्तपुर इलाके में रहते हैं। रमदत्तपुर निवासी झुनन पंडित ने जिस बिहार के शूटर अनुज झा को बुलवाया था, वह भी भक्तिनगर में ही किराये के मकान में रहता है। वहीं, आजमगढ़ के पवई निवासी दूसरा शूटर यश सिंह भी विश्वनाथपुरम कालोनी पांडेयपुर को ही अपना ठिकाना बनाए हुए था। इस तरह उस क्षेत्र के कालोइनाइजरों और कंपनियों के सेल्समैन झुनन के निगाह पर है। इन सभी की उम्र 22 से 28 वर्ष के बीच में है। लालपुर-पांडेयपुर थाना अंतर्गत मढ़वा में तीन सितंबर 2019 को दिव्यांग पान विक्रेता दिलीप पटेल की जमीन विवाद में झुनन ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों हाथ में पिस्टल से गोली दागते हुए कि सीसी कैमरे की फुटेज वायरल हुई थी। उस समय पुलिस ने झुनन पर एक लाख का इनाम रखा था। 12 अक्तूबर 2019 में झुनन को पंजाब के रोपड़ में नाटकीय तरीके से पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मऊ सदर के पूर्व विधायक माफिया मुख्तार अंसारी भी उसी रोपड़ जेल में बंद था। पुलिस के अनुसार अपना गैंग संचालित करने के लिए झुनन माफिया मुख्तार के गिरोह से जुड़ा है। झुनन पर हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, लूट के दर्जन भर मुकदमे हैं। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि चित्रकूट जेल में बंद झुनन और गाजीपुर जेल में बंद उसके गिरोह का रवि पटेल, इन दोनों के क्राइम डोजियर को अपडेट करने के लिए डीसीपी वरुणा को निर्देशित किया गया है। जेल में मिलने वालों की सूची भी दोनों जनपदों से मंगाई जाएगी।

# कोर्ट में थी 'गुलाबी' हथिनी के मामले की सुनवाई......

**भदोही।** वन विभाग ने हथिनी को पशु एंबुलेंस से शुक्रवार को मथुरा स्थित एक एनजीओ के संरक्षण गृह के लिए



रवाना कर दिया। हालांकि हथिनी को ले जाते समय वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। भदोही के ज्ञानपुर में एक महीने पहले बलभद्रपुर से बरामद की गई 'गुलाबी' नाम की हथिनी का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शुक्रवार को हथिनी के मामले में पुनः सुनवाई थी, लेकिन अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के कारण सुनवाई नहीं हुई और अगली तिथि 13 जुलाई तय की गई। उधर, वन विभाग ने हथिनी को पशु एंबुलेंस से शुक्रवार को मथुरा स्थित एक एनजीओ के संरक्षण गृह के लिए रवाना कर दिया। हालांकि हथिनी को ले जाते समय वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। बिना लाइसेंस के हाथी रखने की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने बीते 24 मई को बलभद्रपुर निवासी एक व्यक्ति के यहां से हथिनी को बरामद किया था।

# पति से 50 हजार लेकर शुरू की कंपनी, आज देश-विदेश में है पहचान, अब मिलेगा राष्ट्रीय एमएसएमई अवार्ड

**वाराणसी।** 2022राष्ट्रीय एमएसएमई अवार्ड-2022 में शहर की पूजा अग्रवाल की कंपनी एएसपीईएन को निर्यात श्रेणी में प्रथम अवार्ड के लिए चयनित किया गया



है। कानपुर की कृष्णा नगर डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली पूजा ने पति से 50 हजार रुपये लेकर काम शुरू किया था। 10 कर्मचारियों और किराये के कमरे से शुरू हुई यूनिट के उत्पाद आज विदेश में भी अपनी पहचान रखते हैं। उनकी कंपनी गारमेंट्स और स्पोर्ट्स वियर बनाती है। कंपनी को एक्सपोर्ट ओरिएंटेड मैन्यूफैक्चरिंग इंटरप्राइजेज माइक्रो श्रेणी में चयनित किया गया है। जल्द ही उन्हें अवार्ड स्वरूप तीन लाख रुपये, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। पूजा ने बताया कि वो मूल रूप से दिल्ली के लक्ष्मी नगर की रहने वाली हैं। उन्होंने वहीं से बीकॉम किया है। 2011 में उनकी शादी शहर के राहुल अग्रवाल से हुई। राहुल का सैडलरी और जूते का कारोबार है। पूजा का कहना है कि वो हमेशा से कुछ अलग करना चाहती थीं। डिजाइनिंग का बचपन से शौक था। अक्सर पति के साथ बिजनेस टूर पर जाती थीं। इस दौरान स्पोर्ट्स वियर की संभावनाओं को देखते हुए पति से चर्चा की और 2014 में कृष्णा नगर स्थित घर से 50 हजार की पूंजी से काम शुरू किया। डिजाइन उनकी होती थी और कर्मचारी उसे तैयार करते थे। विदेश में उनके उत्पाद खासे पसंद किए जाने लगे। उन्होंने आगे बताया कि 2017 में घर के पास ही किराये पर बड़ी यूनिट लगाई। अब 150 से ज्यादा महिला-पुरुष कर्मचारी काम करते हैं। इसके बाद श्याम नगर में भी यूनिट खोली। अब रूमा में बड़ी यूनिट लगाने जा रही हैं, जोकि इसी साल शुरू हो जाएगी। यहां एक साथ चार से पांच सौ लोग काम कर सकेंगे। महिलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र भी खोला जाएगा। पूजा ने बताया उन्होंने बीकॉम के अलावा कोई भी प्रोफेशनल कोर्स नहीं किया है। इसके बाद भी पति और ससुराल वालों ने उनकी योग्यता पर भरोसा जताया और उन्होंने खुद को साबित भी कर दिखाया। परिवार में सास मधुलता अग्रवाल और सात साल का बेटा विवान है। उन्हें पिछले साल स्टार एक्सपोर्ट अवार्ड भी मिला था। उनकी इच्छा है कि वे ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं।

# आय से अधिक संपत्ति के मामले में निलंबित आईएएस की कोठी में पंचायत भवन होने की जानकारी मिली

**गाजीपुर।** रामविलास यादव ने पैतृक गांव परेवा में तीन बीघे भूमि पर आलीशान कोठी बनाई है। इसमें पार्क, स्विमिंग पूल और लाइब्रेरी के साथ पंचायत होने का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी एमपी सिंह ने बृहस्पतिवार को मनिहारी बीडीओ को



जांच के लिए भेजा था। हालांकि जिलाधिकारी को अभी जांच रिपोर्ट मिली नहीं है। गाजीपुर शादियाबाद में आय से अधिक संपत्ति के मामले में देहरादून में गिरफ्तार निलंबित आईएएस रामविलास यादव ने पैतृक गांव परेवा में तीन बीघे भूमि पर आलीशान कोठी बनाई है। इसमें पार्क, स्विमिंग पूल और लाइब्रेरी के साथ पंचायत होने का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी एमपी सिंह ने बृहस्पतिवार को मनिहारी बीडीओ को जांच के लिए भेजा था। हालांकि जिलाधिकारी को अभी जांच रिपोर्ट मिली नहीं है। रिपोर्ट मिलने का इंतजार है। निलंबित आईएस की कोठी अत्याधुनिक सुख-सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें किसी को आने जाने की अनुमति नहीं है। उत्तर प्रदेश में तैनाती के समय उनका यहां आना-जाना लगा रहा है। कोठी के मुख्य द्वार के अलावा अंदर भी विशाल गेट लगा है। किसी भी बाहरी व्यक्ति को आने की इजाजत नहीं है। निलंबित आईएएस ने मुख्य सड़क से सटा हुआ कटरा भी बना रखा है। इसकी कई दुकान किराए पर दे रखी है। गांव के आसपास कई भूखंड महंगी कीमतों पर खरीद कर क्षेत्र में जमीन का रेट आसमान पर पहुंचा दिया। आलीशान कोठी की देखभाल उनके शशिकांत यादव करते हैं। हालांकि शशिकांत का कहना है कि वह सिर्फ कोठी की देखभाल करते हैं, बाकी रामविलास की गतिविधियों के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं है।

# इंतजामिया कमेटी पर केस दर्ज करने की मांग पर जिला जज ने की सुनवाई शाम तक आदेश आने की उम्मीद

**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण में विश्व वैदिक सनातन संस्था के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन ने इंतजामिया कमेटी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कमेटी पर शिवलिंग के स्वरूप को बदलने



और मूल स्वरूप से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। ज्ञानवापी प्रकरण में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और अन्य सहयोगियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर दाखिल रिवीजन याचिका पर आज जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद जिला जज ने आदेश को सुरक्षित रख लिया जो शाम तक आने की उम्मीद है। यह याचिका विश्व वैदिक सनातन संस्था के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन की ओर से अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी, शिवम गौड़, सुभाष नंदन चतुर्वेदी के जरिए दाखिल की गई है। पूर्व में विसेन के आवेदन को स्पेशल सीजेएम ने यह कहते हुए खारिज किया था कि मामला सिविल कोर्ट में भी चल रहा है। विश्व वैदिक सनातन संघ ने 14 जून को ज्ञानवापी परिसर में साक्ष्यों के अलावा शिवलिंग को क्षति पहुंचाने के खिलाफ वाद दाखिल करने के लिए जिला न्यायालय में आवेदन दिया था। इसके अनुसार अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और अन्य सहयोगियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। उन पर आरोप है कि मंदिर के ढांचे को क्षतिग्रस्त करके साक्ष्यों संग छेड़छाड़ और हिंदू आस्था पर कुठाराघात किया गया है। स्पेशल सीजेएम की अदालत ने किया था खारिज इसके पहले 30 मई को स्पेशल सीजेएम सवीत्तमा नागेश वर्मा की अदालत में विश्व वैदिक हिंदू सनातन संस्था के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन ने अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी के जरिए आवेदन दाखिल किया था। इसमें कहा गया था कि धार्मिक स्वरूप बदलना विशेष पूजा स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन है। वजू स्थल के पास बरामद शिवलिंग के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया गया। ऐसे में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के सचिव एसएम यासीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जाए। तब अदालत ने यह मामला खारिज कर दिया था। इसी आदेश के खिलाफ 14 जून को को रिवीजन याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर आज जिला जज ने सुनवाई की।

# बाबा विश्वनाथ के दरबार में बरस रही लक्ष्मी

**वाराणसी।** बीते दो माह में मिला करीब 9 करोड़ का दानश्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद तीर्थ यात्रियों का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि मंदिर प्रशासन गदगद है। आलम ये है कि बीते दो माह में ही विश्वनाथ धाम से करीब नौ करोड़ रुपये की आमदनी हो चुकी



है। श्री काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद हर महीने में दान का रिकॉर्ड बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट श्री काशी विश्वनाथ धाम के नव्य और भव्य स्वरूप में आने के बाद काशी में पर्यटकों की आमद में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। यही कारण है कि बाबा के धाम में लक्ष्मी की कृपा जमकर बरस रही है। वर्ष 2021 के अप्रैल और मई माह में बाबा की आय लाखों में थी। वहीं अब आनंदकानन वन के विस्तारित और सुंदरीकरण के बाद बाबा धाम में दान करोड़ों में पहुंच गई है। श्री काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम के विस्तारीकरण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ी है जिससे बाबा के चढ़ावे में वृद्धि हुई है। अप्रैल और मई माह में हुई कमाई उन्होंने बताया कि अप्रैल 2021 में 71 लाख चढ़ावा आया था जबकि 2022 के अप्रैल महीने में पांच करोड़ 45 लाख दान आया। मई 2021 में 21 लाख की आमदनी हुई थी ,जबकि मई 2022 में तीन करोड़ 24 लाख का चढ़ावा आया। खर्चों की बात करें तो 2021 के अप्रैल और मई महीने में क्रमशः 38 लाख और 76 लाख रुपये था। जबकि 2022 के अप्रैल और मई माह में क्रमशः 31 लाख और 1 करोड़ 25 लाख रुपये हुई है। इसमें वेतन,सामन्य, आकस्मिक आदि खर्च भी शामिल है। श्री काशी विश्वनाथ धाम के नए अवतार में आने के बाद देश और दुनिया के शिव भक्तों की संख्या काशी में लगातार बढ़ती ही जा रही है। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। जिससे आसपास के व्यापारी भी लाभान्वित हो रहे हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बाबा धाम की आय में और भी इजाफा होगा। बाबा के चरणों में मनन्त पूरी होने के बाद दान-पुण्य का इतिहास प्राचीन काल से ही चला आ रहा है। अहिल्याबाई होल्कर, महाराज रणजीत सिंह समेत देश भर से दानदाताओं ने खुले मन से दान किया। मंदिर प्रशासन की ओर से ऑनलाइन दान के अलावा मंदिर परिसर में भी कार्यालय में दान की व्यवस्था है। वहीं बाबा दरबार में संबंधित व्यक्ति को दान की रसीद ऑनलाइन और ऑफलाइन देने की व्यवस्था है। बता दें कि बाबा विश्वनाथ के नए दरबार का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 दिसंबर 2021 को किया था। इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री ने ही 8 मार्च 2019 को किया था।

# राष्ट्रपति चुनाव को लेकर विधायकों के साथ अखिलेश यादव की बैठक नहीं पहुंचे आजम और शिवपाल

**वाराणसी।** सभी विधायकों को राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की मंशा से अवगत कराया जाएगा।



समाजवादी पार्टी के 111 विधायक हैं, जबकि सपा के साथ गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोकदल के आठ और सुभासपा के छह विधायक हैं। इस तरह सपा में कुल 125 विधायक हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की बैठक हो रही है। इस बैठक में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर मंथन किया जाएगा। सभी विधायकों को राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की मंशा से अवगत कराया जाएगा। समाजवादी पार्टी के 111 विधायक हैं, जबकि सपा के साथ गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोकदल के आठ और सुभासपा के छह विधायक हैं। इस तरह सपा में कुल 125 विधायक हैं। खास बात यह है कि शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी के विधायक हैं, लेकिन वह दोपहर 11:00 बजे तक बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। बैठक में प्रोफेसर रामगोपाल यादव भी मौजूद हैं। आजम खां भी अभी तक नहीं पहुंचे हैं।

# महाविद्यालय में छात्रों से हुए विवाद के बाद कर्मचारी ने तान दिया रिवाल्वर

**वाराणसी ।** आशा महाविद्यालय बाबतपुर में बीकॉम की मौखिक परीक्षा के दौरान विवाद के बाद हुआ हंगामा वाराणसी के बड़ागांव बाबतपुर स्थित आशा महाविद्यालय में छात्रों से हुए विवाद के बाद कर्मचारी ने छात्रों के ऊपर



रिवाल्वर तान दी। हंगामे और विवाद के बीच दूसरे कर्मचारियों ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया। घटना का वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। क्रवार को आशा महाविद्यालय में बीकॉम तृतीय वर्ष की मौखिक परीक्षा थी। छात्रा के साथ आए युवक और कर्मचारियों के बीच परिसर में प्रवेश को लेकर तू-तू मैं-मैं शुरू हुई। छात्र भी उस युवक के समर्थन में आ गए। बहस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि महाविद्यालय के एक कर्मचारी ने अपने बचाव में छात्रों पर रिवाल्वर तान दी। वह छात्रों को रिवाल्वर दिखाकर धमकाने और धक्का देने लगा। इससे परिसर में कुछ देर तक हड़कंप की स्थिति बन गई सूचना पर पहुंची बड़ागांव थाने की पुलिस ने किसी तरह तरह मामला शांत कराया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुरेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि बीकॉम की मौखिक परीक्षा दिलाने के लिए एक छात्रा को युवक अपने साथ लेकर आया था। परिसर में आकर वह बेवजह बहस कर रहा था। हम लोगों ने जब उसको टोका तो उसने दुर्व्यवहार किया।

# कार ने सड़क पार करते हुए बुजुर्ग महिला को मारा धक्का.......

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय हाथी नाला थाना क्षेत्र के रानीताली चौराहे पर आज बृहस्पतिवार लगभग दो बजे कार ने बुजुर्ग महिला को मारा धक्का महिला हुई घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार कगवा देवी उम्र लगभग 65 वर्ष पतनी नंदू बिहारी निवासी ग्राम मकनपुर थाना भवनाथपुर जिला गढ़वा झारखंड वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग सड़क पार करते समय डाला की तरफ से जा रही कार ने धक्का मारकर घायल कर दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची हाथी नाला पुलिस व स्थानीय लोगों के मदद से घायल बुजुर्ग महिला को डायल 112 से सीएचसी दुद्धी भेजवाया दिया गया।



# प्रथम बलिदानी योद्धा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया.......

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय ओबरा विधानसभा क्षेत्र के डाला बारी में एकता-अखंडता को लेकर लड़ने वाले प्रथम बलिदानी योद्धा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाया गय बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर अखंड भारत के निमार्ण में सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया इस दौरान बूथ अध्यक्ष प्रदीप निषाद ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हर एक पार्टी कार्यकर्ता के लिए अनुकरणीय है। सभी को उनके पदचिन्हों पर चलकर अखंड भारत के निर्माण में सहयोग कर सकते हैं इस दौरान बूथ अध्यक्ष प्रदीप निषाद शोविंद शर्मा अजय शाहनी शंकर मौर्या सुनिल कुमार सुरेश कुमार आदि कार्यकर्ता सामिल रहें।



# पाक्सो एक्ट सम्बंधित प्रकरण में एक अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 58/2022 धारा 354, 506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त मो0 आजाद उर्फ सोनू पुत्र अनवारुल हक, निवासी ग्राम बैरखड़, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्त-** 1- मो0 आजाद उर्फ सोनू पुत्र अनवारुल हक, निवासी ग्राम बैरखड़, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तार करने वाली टीम** 1. उ0नि0 मो0 अरशद, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 2. आरक्षी आलोक मिश्र, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र ।

# एक किलो 400ग्राम गाजे के साथ एक अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 नफर अभियुक्त पुत्र गिरिजा प्रसाद निवासी पुसौली पानी टंकी के पास, थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया तथा उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना रॉबट्र्सगंज पर मु0अ0सं0- 451/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।**गिरफ्तार अभियुक्त-** 1- सुरेश भारती पुत्र गिरिजा प्रसाद निवासी ग्राम पुसौली, थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण-** 1- कुल 01 किलो 400 ग्राम गांजा ।




# सोनभद्र के रास्ते पूर्वांचल में मानसून ने दी दस्तक वाराणसी में झमाझम बारिश से सुहाना हुआ मौसम........

**सोनभद्र।** गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। दक्षिण-पश्चिमी मानसून ने सोनभद्र के रास्ते पूर्वांचल में प्रवेश कर लिया है। कई दिनों के इंतजार के बाद गुरुवार को मानसून ने पूर्वांचल में दस्तक दे दी है। सोनभद्र के रॉबट्र्सगंज सहित आसपास के इलाकों में दोपहर एक बजे पौने घंटे तक तेज बारिश हुई। वहीं दोपहर बाद करीब तीन बजे वाराणसी में भी झमाझम बारिश हुई। गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश ने बड़ी राहत पहुंचाई है। खरीफ की खेती के लिए भी बारिश काफी लाभदायक मानी जा रही है। वाराणसी में बारिश के कारण शहरी क्षेत्र में कई जगह जलजमाव जैसी स्थिति हो गई। अब जल्द ही मानसून के पूरे पूर्वांचल में सक्रिय होने के आसार हैं। दक्षिण तट से चलकर मानसून पूर्वांचल में सोनभद्र के रास्ते ही प्रवेश करता है। इसकी संभावित तिथि 20 जून मानी जाती है। पिछले 3-4 दिनों से मौसम के रुख में बदलाव आया था। बादलों के उमड़-घुमड़ के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी हो रही थी। बुधवार को मध्य प्रदेश की सीमा से लगे अनपरा-शक्तिनगर के कुछ इलाकों में बारिश भी हुई थी। सोनभद्र जिले मेंगुरुवार सुबह से ही मौसम बदलने लगा था। आसमान में बादलों के साथ वातावरण में उमस के कारण लोग बारिश का अनुमान लगा रहे थे। दोपहर बाद अचानक ठंडी हवा के झोंको के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। दोपहर करीब एक बजे से शुरू हुई बारिश करीब पौने घंटे तक जारी रही। बच्चों ने बारिश का लुत्फ उठाया तो गर्मी से भी राहत मिली। तापमान करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। सोनभद्र जिले में हर साल प्राकृतिक आपदा से सौ से अधिक लोगों की मौत होती है। पिछले 27 माह में प्राकृतिक आपदा से 440 जनहानि हुई है। प्राकृतिक आपदा राहत कोष से मृत प्रत्येक व्यक्ति के आश्रितों को चार लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है। इस बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रशासन ने सभी लेखपालों समेत अन्य कमिर्यों को निर्देश दिया है। सोनभद्र जिले में बारिश के दौरान तड़क-गरज के साथ बिजली का गिरना आम बात है। सर्पदंश की घटनाएं भी खूब होती हैं। अत्यधिक बारिश होने पर सोन, बकहर, बेलन कर्मनाशा समेत अन्य नदी, नाले उफान पर हो जाते हैं। जलाशयों का जलस्तर भी बढ़ जाता है। पहाड़ी और जंगली इलाकों में वर्तमान परिवेश भी सभी बस्तियों में आने-जाने के लिए रास्ता न बनने के कारण मजबूरी में बारिश के दिनों में कुछ रहवासी पगडंडी पर भरे पानी में से ही गुजरते है। इस दौरान बाढ़ की चपेट में लोग डूबकर काल की गाल में भी समा जाते हैं। हर साल सबसे अधिक बिजली और सर्पदंश से लोगों की मौतें होती है। इसके बाद डूबने समेत अन्य दैवीय आपदाओं से भी लोगों की जान चली जाती है। इसको देखते हुए सरकार ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों को मुआवजा देती है।



# मिशन शक्ति के अन्तर्गत दस नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया गया

## मिशन शक्ति फेज 4.0 अंतर्गत ऑपरेशन मुक्ति,बचपन बचाओ आंदोलन,के तहत जनपद सोनभद्र के रावर्टसगंज मार्केट से 10 नाबालिग बाल श्रमिकों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।**राबट्र्सगंज नगर में मिशन शक्ति फेज 4. 0 के अंतर्गत जून माह के ऑपरेशन मुक्ति अभियान, बचपन बचाओ आंदोलन/ भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु रावर्टसगंज मार्केट से 10 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराया गया जिसमें मानव तस्करी रोधी इकाई सोनभद्र से निरीक्षक रामजी यादव, उप निरीक्षक सुजीत सेठ,कांस्टेबल धनंजय, अमन द्विवेदी जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता रोमी पाठक, ओआरडब्लूयू शेषमणि दुबे,महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वयक साधना मिश्रा, सीमा द्विवेदी ,बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिल नारायण देव पांडे व सदस्य अमित चंदेल के साथ रावर्टसगंज मार्केट में होटलों, ढाबों दुकानों, बस स्टैंड का चेकिंग किया गया चेकिंग के दौरान रावर्टसगंज मार्केट से 10 नाबालिग बालकों को बाल श्रम करते हुए पाए गए, बाल श्रमिकों के संबंध में मौके पर उपस्थित संचालकों से बालकों के उम्र के संबंध में साक्ष्य चाहा गया परंतु उनके द्वारा साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया प्रथम दृष्टया सभी बालक नाबालिग प्रतीत हो रहे थे जिसके कारण टीम द्वारा सभी नाबालिग बाल श्रमिकों को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु ले जाया गया साथ ही संबंधित नियोक्ताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है



# व्यापारियों ने लिया संकल्प, पॉलीथिन का ढूंढेंगे विकल्प नगर पालिका परिषद

**सोनभद्र।** सभागार में शुक्रवार को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरुकता अभियान के संबंध में बैठक हुई। नगर के व्यापारियों की उपस्थिति में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने और इसका विकल्प अपनाने पर जोर दिया गया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने सुझाव देते हुए कहा कि प्रतिबंधित पॉलिथीन उत्पादन पर रोक लगाई जाए। छोटे-छोटे व्यापारियों के ऊपर आरोपित जुर्माने को समाप्त किया जाए। नगर पालिका प्रशासन की तरफ से कूड़ा निस्तारण के लिए जगह सुनिश्चित की जानी चाहिए।



नालियों की सफाई के दौरान नालियों से निकले मलबे को तत्काल हटाने की व्यवस्था कराई जानी चाहिए। ये सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के लिए अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव को ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पूरे जिले में प्रतिबंधित पॉलिथीन न उपयोग किए जाने के संबंध में सघन जागरुकता अभियान चलाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह चंदेल, जिला प्रवक्ता प्रकाश केसरी, नगर अध्यक्ष आनंद प्रताप जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष रमेश जायसवाल, युवा जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बड़ादेव का पूजन कर रानी दुर्गावती को दी गई श्रद्धांजलि

**सोनभद्र।** अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा की ओर से शुक्रवार को वीरांगना महारानी दुर्गावती का 459वीं बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया गया। उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने समाज के लोगों से उनके आदर्शों पर चलने पर आह्वान किया। जिले के अलग-अलग स्थानों पर बलिदान दिवस मनाया गया। गोंड महासभा की ओर से दुरावल कलॉ स्मारक स्थल पर महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरिराम चेरो, राजकुमारी दीक्षा सिंह, भोजपुरी फिल्म अभिनेता आशीष खांभे, कमलेश खांभे, राजेश कुमार गोंड, विजय कुमार जैन, मेवालाल प्रजापति ने महारानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शुभारंभ गोंड धर्म संस्कृति के अनुसार बढ़ादेव की विधि विधान से पूजा कर की गई। इसके बाद वीरांगना महारानी दुर्गावती स्मारक पर अतिथियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने की। संचालन राजेश कुमार गोंड ने किया। कार्यक्रम के संयोजक राजेश कुमार गोंड ने धन्यवाद ज्ञापित किया।दुद्धी में मल्देवा स्थित महारानी दुर्गावती स्मारक स्थल पर बड़ादेव का पूजन एवं आरती करते हुए महारानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मुख्य धर्माचार्य अनिल सिंह ने पूजन कराया। मुख्य अतिथि गोंडवाना महासभा प्रदेश अध्यक्ष असर्फी सिंह परस्ते तथा विशिष्ट अतिथि देव शाह उरेती व सुरेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम संयोजक अखिल भारतीय आदिवासी महासंघ के जिला अध्यक्ष फौजदार सिंह परस्ते ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती इतिहास के पनने मे हमेशा याद की जाएगी। अध्यक्षता रामनारायण नेटी ने की। इस मौके पर हीरामणि सिंह, मनबस देवी, नैना देवी, सरिता देवी, सगुनी देवी, दयाशंकर, रामधनी, रामजीत, हरिलाल, गिरधारी लाल आदि रहे।

# डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में आज श्री भोला सिंह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन सी एल सिंगरौली के कर कमलों द्वारा नव निर्मित भवन किंडरगार्टन मिनी मिरेकल का उद्घाटन हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अश्विनी कुमार ठाकुर**

**शक्तिनगर (सोनभद्र)।** डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में आज श्री भोला सिंह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन सी एल सिंगरौली के कर कमलों द्वारा नव निर्मित भवन किंडरगार्टन मिनी मिरेकल का उद्घाटन हुआ। सर्व प्रथम मंत्रोच्चारण के साथ श्री राजीव कुमार जी एम् खड़िया परियोजना ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनन्दन किया तथा कक्षा बारहवी की छात्राओं ने रोली तिलक लगा कर सभी गणमान्य लोगो का श्रद्धावंदन किया बंद बाजा एवं मंत्रोचारण के साथ मुख्य अतिथि महोदय द्वारा नव निर्मित भवन का लोकार्पण नारियल समर्पण, एवं फीता काट कर संपन्न किया गया स्कूल के नन्हे मुन्नेबालकों ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन सी एल सिंगरौली को फूल भेंट किया और मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को चोकोलेट प्रदान किया आप आये जो दर पे हमारे, वंदन हम करते चन्दन लगाते दर पे बिछे हैं सितारे, गीत के माध्यम से विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि सहित सभी का मनोहारी हार्दिक स्वागत वंदन एवं अभिनन्दन किया तदुपरान्त श्री राजीव कुमार जी एम् - एल एम् सी चेयरमैन खड़िया परियोजना ने मुख्य अतिथि सहित डॉ अनिंद्य सिन्हा डायरेक्टर टेकिन्कल एवं पर्सीनल श्री चार्ल्स जुस्टर (जी एम् कार्मिक एन सी एल सिंगरौली), यूनियन लीडर एवं जे सी सी सदस्य बी एम् एस श्री मनोज सिंह, सी एम् एस -श्री अजय कुमार, आर सी एस एस श्री बी एस बिष्ट, एच एम् एस -श्री अशोक पाण्डेय एवं सी एम् ओ ए आई श्री सर्वेश सिंह का स्वागत करते हुए बताया कि विद्यालय पठन पाठन एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं में निरंतर विकास कर रहा है । साथ ही साथ इस बात पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एन सी सी की उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मान्यता तथा सी बी एस ई बोर्ड में ऋषिका पाण्डेय पुत्री प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पाण्डेय के अंग्रेजी विषय में शत प्रतिशत पाने में तथा अन्य उपलब्धि प्राप्त छात्र इसके परिचायक हैं । डॉ अनिंद्य सिन्हा डायरेक्टर टेकिन्कल एवं पर्सानल ने अपने संबोधन के दौरान छात्रों से खेलकूद एवं अलग अलग पठन पाठन के क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की प्रेरणा दी तदुपरान्त श्री भोला सिंह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एन सी एल सिंगरौली ने अपने संबोधन के दौरान छात्रों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप विद्यालयी संशाधनों का भरपूर प्रयोग कर जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता हासिल करें उन्होंने कहा कि शिक्षा के बदलते परिवेश में स्वयं को बदलना होगा अनवरत् परिश्रम के माध्यम से हम निसंदेह भाग्य की रेखाओं को बदल सकते हैं हम जैसा सोचेंगे वैसा ही बनेगें इस लिए उचाई की बुलंदियों को पाने हेतु उच्च सोच आवश्यक है । उन्होंने इस बात पर भी विशेष जोर दिया कि विज्ञान के साथ साथ साहित्य को भी हम अपना सपना बनायें कार्यक्रम समापन पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पाण्डेय ने मुख्य अतिथि सहित सभी को शाल एवं श्री फल प्रदान कर आभार प्रस्तुत किया तथा मुख्य अतिथि महोदय को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हम आप के दिशा निर्देशन में अपने शिक्षकों के साथ छात्रों हेतु सभी प्रकार की उपलब्धियों को पाने हेतु सतत प्रयतन्शील रहते हुए उसे अवश्य साकार करेंगे कार्यक्रम सफल तथा सराहनीय रहा ।



# 30लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** पुलिस उप महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनपद में अवैध शराब बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना ओबरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो नफर अभियुक्तगण 01. कल्लू पुत्र लालजी 02. राहुल पुत्र नारायण निवासीगण सेक्टर नं0- 10 शान्तिनगर कॉलोनी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र के कब्जे से 15-15 लीटर (कुल 30 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद कर उक्त के सम्बन्ध में थाना ओबरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गयी । अभियुक्तगण का विवरण- 1. कल्लू पुत्र लालजी,निवासी सेक्टन नं0- 10 शान्तिनगर कॉलोनी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । 2. राहुल पुत्र नारायण, निवासी सेक्टन नं0- 10 शान्तिनगर कॉलोनी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । बरामदगी का विवरण- कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब ।



# मांकडिंग के जरिए आउट हुआ चेन्नई का बल्लेबाज तो की शर्मनाक हरकत सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** रन आउट होने के बाद जगदीशन गुस्से में पवेलियन लौटे और गेंदबाज को उंगली दिखाई। उनकी इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और उनकी काफी आलोचना भी हो रही है। आईपीएल में चेनन्ई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वो अपनी बल्लेबाजी या विकेटकीपिंग के लिए चर्चा में नहीं हैं। इस बार वो विवादों में फंसने के चलते चर्चा का विषय बने हुए हैं। तमिलनाडु प्रीमियर लीग में चेपक सुपर गिल्स के लिए खेलने वाले जगदीशन ने नेल्लई रॉयल किंग्स के खिलाफ मैच में शर्मनाक हरकत की है, जिसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। जगदीशन ने मांकडिंग तरीके से रन आउट होने के बाद गेंदबाज को उंगली दिखाई और मैदान से बाहर चले गए। इस घटना का वीडियो काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तिरुनेलवेली के मैदान में जगदीशन की टीम 185 रन के बड़े स्कोर का पीछा कर रही थी और जगदीशन 15 गेंद में 25 रन बनाकर खेल रहे थे। इस स्कोर पर गेंदबाज बाबा



अपराजित ने उन्हें रन आउट कर दिया। यह उनको रास नहीं आया और मैदान से बाहर जाते हुए उन्होंने कई बार गेंदबाज को उंगली दिखाई। इस मैच में नेल्लई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए थे। सूर्यप्रकाश ने 62 और संजय यादव ने 87 रन का योगदान दिया था। अंत में जी अजितेश ने 16 रन बनाए थे। इसके जवाब में चेपक ने अच्छी शुरुआत की थी और 3.4 ओवर में 35 रन बना चुकी थी। चौथे ओवर में बाबा अपराजित गेंदबाजी कर रहे थे। चेपक के कप्तान कौशिक गांधी स्ट्राइक पर थे और दूसरे छोर पर खड़े जगदीशन गेंद छूटने से पहले ही क्रीज से निकल गए। यह देख अपराजित ने उनकी गिल्लियां बिखेर दीं। गिल्लियां बिखेरने के बाद अपराजित ने अपील की और अंपायर ने जगदीशन को आउट करार दे दिया। जगदीशन गुस्से में पवेलियन की तरफ जाने लगे। इस दौरान उन्होंने तीन बार अपनी बीच की उंगली दिखाई। पहले गेंदबाज फिर विपक्षी टीम और अंत में दर्शकों की तरफ भी जगदीशन ने उंगली दिखाई। इस घटना के बाद अपराजित मुश्किल में फंस सकते हैं। सुपर ओवर में जीती नेल्लई नेल्लई के 184 रन के जवाब में चेपक की टीम भी 20 ओवर में सात विकेट खोकर 184 रन ही बना पाई और मैच टाई हो गया। चेपक के कप्तान कौशिक गांधी ने 64 सोनू यादव ने 34 और हरिश कुमार ने 26 रन बनाए। सुपर ओवर में चेपक ने नौ रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में नेल्लई ने पांच गेंद में 10 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# जुलाई में हज यात्रा पर जाएंगे आदिल राशिद, भारत के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे..........

**नई दिल्ली।** आदिल राशिद भारत के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के दौरान हजयात्रा पर रहेंगे। इस वजह से वो दोनों सीरीज में शामिल नहीं होंगे। ऐसे में जैक लीच को वनडे और टी20 टीम में भी जगह मिल सकती है।इंग्लैंड दौरे में पहुंची भारतीय टीम के लिए राहत की खबर है। भारत के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में इंग्लैंड के दिग्गज स्पिनर आदिल राशिद नहीं खेलेंगे। राशिद इस दौरान हज यात्रा पर रहेंगे। इस वजह से वो दोनों सीरीज में इंग्लैंड की टीम का हिस्सा नहीं होंगे। राशिद मौजूदा समय में सीमित ओवर क्रिकेट के सबसे अच्छे स्पिन गेंदबाजों में से एक हैं। उन्होंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को काफी परेशान किया है। जुलाई के महीने में राशिद हज यात्रा के लिए मक्का में होंगे। इसी दौरान भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। राशिद के न होने से इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजी कमजोर होगी। उनकी जगह जैक लीच को मौका दिया जा सकता है,





जो इंग्लैंड की टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। वहीं, मोईन अली और लियम लिविंगस्टोन स्पिन गेंदबाजी के अन्य विकल्प होंगे।सात जुलाई से शुरू होगी टी20 सीरीज भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज की शुरुआत सात जुलाई से होगी। दूसरा मैच नौ जुलाई और तीसरा मैच 10 जुलाई को होगा। वहीं, वनडे सीरीज की शुरुआत 12 जुलाई से होगी। दूसरा वनडे 14 जुलाई और तीसरा वनडे 17 जुलाई को खेला जाएगा। इसके बाद 22 जुलाई से भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी। इंग्लैंड में अभ्यास कर रही है टीम इंडिया भारत के इंग्लैंड दौरे की शुरुआत एक जुलाई से टेस्ट मैच के साथ होगी। यह टेस्ट मैच 2021 में हुई सीरीज का आखिरी मैच है, जो उस समय कोरोना की वजह से नहीं हो पाया था। पांच मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से आगे है और यह मैच जीतने या ड्रॉ कराने पर सीरीज अपने नाम करेगा। अगर ऐसा होता है तो 2007 के बाद पहली बार टीम इंडिया इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज जीतेगी। फिलहाल भारतीय टीम लिसेस्टायर के खिलाफ टेस्ट मैच खेल रही है। इस मैच में भारत के बल्लेबाजों ने निराश किया है, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मैच में भारतीय बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

# राजस्थान की खूबसूरती का दीदार कर रही हैं सारा तेंदुलकर शेयर किया किले का..............

**नई दिल्ली।**वीडियोसचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर इन दिनों सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। सारा की फैन फॉलोइंग सोशल मीडिया में तेजी से बढ़ रही है। वो इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और उनकी तस्वीरें फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। उनके अलग-अलग हाव-भाव सोशल मीडिया पर चर्चित रहते हैं। अब सारा राजस्थान की खूबसूरती का दीदार कर रही हैं और वहां से अपनी तस्वीरें भी शेयर की हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम के जरिए अपने आए। पैकिंग खत्म करने के बाद सारा ने बताया कि आखिरकार उन्होंने सारा सामान बैग में पैक कर दिया है। इस वीडियो में सारा थकी हुई दिख रही थीं। अपनी पैकिंग खत्म करने के बाद सारा ने बैग दिखाते हुए खुद को शाबाशी भी दी। अब सारा अपनी फ्लाइट पकड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार थीं। फ्लाइट में बैठने के बाद उन्होंने अपने फैंस को बताया कि आखिरकार वो सब कुछ समय पर पैक करने में सफल रहीं और फ्लाइट में बैठ चुकी हैं। राजस्थान







फैंस को बताया है कि उनके लिए राजस्थान का सफर काफी मुश्किल था। राजस्थान पहुंचने के बाद सारा ने बड़वारा के सिक्स सेंसेस किले का वीडियो भी शेयर किया है। सारा ने अपने सफर की कई वीडियो शेयर की हैं, जिनके जरिए उन्होंने बताया कि उनके लिए यह सफर कितना मुश्किल था और अंत में राजस्थान पहुंचने के बाद उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए यह भी बताया कि आखिरकार वो राजस्थान पहुंच चुकी हैं। सारा ने सबसे पहले बताया कि दिन बहुत लंबा था, लेकिन उन्हें अब बेड से उठना है और सुबह फ्लाइट पकड़नी है। इसके लिए उन्हें रात में ही सामान पैक करना है। इसके बाद सारा ने दो बैग दिखाते हुए बताया कि उन्हें इन दोनों बैग में सामान पैक करना है। इसके साथ ही उन्होंन अपने फैंस से पूछा कि क्या सारा यह कर पाएगी पैकिंग करने के दौरान फिर सारा ने बताया कि उनकी पैंकिंग लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन अभी थोड़ा काम बचा है। इस दौरान उनके चेहरे के अलग-अलग हाव-भाव नजर पहुंचने के बाद सारा ने सड़क की एक तस्वीर साझा करते हुए बताया कि वो राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुंच चुकी हैं।सारा ने कुछ समय पहले ही में मॉडलिंग में डेब्यू किया था। वह सोशल मीडिया पर लगातार फोटोज डालती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एकबार फिर फोटोशूट कराया था। इसमें वो उजले रंग के ड्रेस दिखी थीं। सारा आईपीएल के कई मैचों के दौरान भाई अर्जुन तेंदुलकर और मुंबई इंडियंस को सपोर्ट करने स्टेडियम में पहुंची थीं। उन्हें भी उम्मीद थी कि उनका भाई डेब्यू करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सारा हाल ही में पारंपिक अंदाज में दिखाई दी थीं। उन्होंने मराठी साड़ी पहनी थी और पारंपरिक तरीके से बिंदी और गहने पहनकर तैयार हुई थीं। सचिन का परिवार एक रिश्तेदार की शादी में शामिल हुआ था। इस शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई, जिनमें सारा बेहद खूबसूरत लग रही थीं। सारा ने राजस्थान पहुंचने के बाद सिक्स संसेस फोर्ट का एक वीडियो भी शेयर किया है। यह किला बड़वारा में है। सारा के वीडियो में किले की खूबसूरती दिख रही है।

# तीसरे टेस्ट में खराब शुरुआत के बाद संभली न्यूजीलैंड की टीम, फिर डेरिल मिशेल बने हीरा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट के नुकसान पर पांच विकेट के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में यह सीरीज पहले ही इंग्लैंड की टीम अपने नाम कर न्यूजीलैंड की पारी छोटे स्कोर पर सिमट जाएगी, लेकिन डेरिल मिशेल ने विकेटकीपर टॉम ब्लुंडल के साथ मिलकर







225 रन बना लिए हैं। डेरिल मिशेल 78 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट मैच की सीरीज का तीसरा मैच हेडिंग्ली के मैदान पर खेला जा रहा है। इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने खराब शुरुआत के बाद अच्छी वापसी की है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने पांच विकेट के नुकसान पर 225 रन बना लिए हैं। डेरिल मिशेल 78 और विकेटकीपर टॉम ब्लुंडेल 45 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन नहीं खेल रहे हैं। स्टुअर्ट ब्रॉड और जैक लीच ने दो-दो विकेट निकाले हैं। इस सीरीज के शुरुआती दोनों मैचों में न्यूजीलैंड को चुकी है, लेकिन यह मैच जीतकर कीवी टीम अपना सम्मान बचाना चाहेगी। न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पिछले मैच में टीम की कप्तानी करने वाले टॉम लाथम शून्य के स्कोर पर आउट हो गए। इस समय न्यूजीलैंड की टीम ने भी कोई रन नहीं बनाया था। लाथम को ब्रॉड ने रूट के हाथों कैच कराया। इसके बाद 35 के स्कोर पर टॉम लाथम भी पवेलियन लौट गए। 123 रन तक पहुंचने में न्यूजीलैंड की आधी टीम आउट हो चुकी थी। ऐसा लग रहा था कि पारी संभाल ली। दोनों अब तक 102 रन की साझेदारी कर चुके हैं और पहले दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 225 रन है। डेरिल मिशेल 78 और टॉम ब्लुंडल 45 रन बनाकर खेल रहे हैं। दूसरे दिन ये दोनों अपनी साझेदारी को और बड़ा कर न्यूजीलैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाना चाहेंगे। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन चोट के चलते यह मैच नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह जेमी ओवर्टन को मौका मिला है। अब तक स्टुअर्ट ब्रॉड और जैक लीच ने दो-दो विकेट लिए हैं, जबकि जेमी ओवरटन ने एक विकेट लिया।

# हेनरी निकोल्स के अजीबोगरीब अंदाज में आउट होने से लोग हैरान क्रिकेट पंडित ढूंढने लगे नियम

**नई दिल्ली।** हेनरी निकोल्स के विकेट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। कुछ प्रशंसक यह पता करने लगे कि क्या इस तरीके से आउट दिया जा सकता है? क्या क्रिकेट में कोई ऐसा नियम है इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला लीड्स में गुरुवार (23 जून) को शुरू हुआ। मैच के पहले दिन न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कीवी टीम की पहली पारी में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर सभी हैरान रह गए। क्रिकेट पंडितों क्रिकेट के नियम ढूंढने पड़ गए। हेनरी निकोल्स दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हुए। उनके आउट होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पारी के 56वें ओवर में इंग्लैंड के लिए जैक लीच गेंदबाजी के लिए आए। निकोल्स ने उनकी दूसरी गेंद को सामने की ओर खेला। गेंद सामने खड़े उनके साथी बल्लेबाज डैरेल मिचेल के बल्ले से लगी और मिड-ऑफ पर खड़े एलेक्स लीस के हाथों में चली गई। कुछ इंग्लिश खिलाड़ी जशन मनाने लगे तो कुछ हैरान रह गए। खुद जैक लीच को इस पर विश्वास नहीं हुआ। निकोल्स आउट थे और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। इस विकेट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। कुछ



प्रशंसक यह पता करने लगे कि क्या इस तरीके से आउट दिया जा सकता है? क्या क्रिकेट में कोई ऐसा नियम है? नियमों के मुताबिक निकोल्स आउट थे। उन्होंने 99 गेंद पर 19 रन बनाए। अपनी पारी में एक चौका लगाया।क्या कहते हैं क्रिकेट के नियम मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के नियम 33.2.2.3 में इसे विस्तार से बताया गया है। अगर कोई गेंद बल्लेबाज के बल्ले से लगकर किसी विकेट, अंपायर, दूसरे फील्डर, रनर या दूसरे बल्लेबाज को छूने के बाद कैच की जाती है तो बल्लेबाज को आउट माना जाएगा। न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम फेल न्यूजीलैंड के ओपनर टॉम लाथम पहले ही ओवर में खाता खोले बगैर स्टुअर्ट ब्रॉड की गेंद पर जो रूट को कैच थमा बैठे। उनके बाद विल यंग 20 रन बनाकर जैक लीच की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। पिछले मैच में नहीं खेलने वाले कप्तान केन विलियमसन ने वापसी की। सबकी नजरें उनके ऊपर थीं। विलियमसन का बल्ला नहीं चला। 64 गेंद पर 31 रन बनाकर स्टुअर्ट ब्रॉड का शिकार बन गए। उनके बाद डेवोन कॉनवे 26 रन बनाकर जेमी ओवर्टन का पहला शिकार बने। खराब शुरुआत से उबरी न्यूजीलैंड टीम इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने खराब शुरुआत के बाद अच्छी वापसी की है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने पांच विकेट के नुकसान पर 225 रन बना लिए हैं। डेरिल मिशेल 78 और विकेटकीपर टॉम ब्लुंडेल 45 रन बनाकर खेल रहे हैं।

# रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली तक फेल, भरत का अर्धशतक

**नई दिल्ली।**पहले दिन भारत का स्कोर 246/8इंग्लैंड दौरे पर पहले अभ्यास मैच में लिसेस्टशायर के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज नहीं चले। विकेटकीपर श्रीकर भरत को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक पाया। रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली अच्छी शुरुआत के बाद आउट हो गए। इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से शुरू हो रहे टेस्ट मैच के लिए पूरी टीम इंडिया ने तैयारी शुरू कर दी है। टेस्ट मैच से पहले गुरुवार (23 जून) को भारतीय टीम और लिसेस्टशायर के बीच अभ्यास मैच शुरू हुआ। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने पहले दिन आठ विकेट पर 246 रन बनाए। विकेटकीपर श्रीकर भरत को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक पाया। रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली अच्छी शुरुआत के बाद आउट हो गए। दिन का खेल समाप्त होने पर भरत 70 और मोहम्मद शमी 18 रन बनाकर नाबाद हैं। विराट कोहली 33, रोहित शर्मा 25 और शुभमन गिल 21 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस अय्यर खाता नहीं खोल पाए। रवींद्र जडेजा 13 और हनुमा विहारी तीन रन बनाकर आउट हुए। लिसेस्टरशायर के लिए रोमन वॉकर ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए। दिलचस्प बात यह है कि भारत के चार खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत और



प्रसिद्ध कृष्णा अभ्यास के लिए लिसेस्टशायर की टीम में खेल रहे हैं।शुभमन गिल 28 गेंद पर 21 रन बनाकर डेविस की गेंद पर ऋषभ पंत को कैच थमा बैठे। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 9.2 ओवर में 35 रनों की साझेदारी की। भारत को दूसरा झटका रोहित शर्मा के रूप में लगा। टीम का स्कोर 15.2 ओवर में जब 50 रन था तब रोहित शर्मा पवेलियन लौट गए। रोमन वॉकर की गेंद पर रोहित आउट हो गए। उन्होंने 47 गेंद पर 25 रन बनाए। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरे हनुमा विहारी 23 गेंद पर तीन रन बनाकर आउट हो गए। रोमन वॉकर की गेंद पर सैम बेट्स ने उनका कैच लिया। हनुमा के बाद श्रेयस अय्यर भी आउट हो गए। उनका खाता भी नहीं खुला। प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर ऋषभ पंत ने उनका कैच लिया। जडेजा का भी नहीं चला बल्ला भारत को पांचवां झटका रवींद्र जडेजा के रूप में लगा। जडेजा 13 गेंद पर 13 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके लगाए। जडेजा को रोमन वॉकर ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। भारत की आधी टीम 81 रन पर पवेलियन लौट गई। कोहली ने की अंपायर से बहस भारत को छठा झटका विराट कोहली के रूप में लगा। रोमन वॉकर की गेंद पर विराट एलबीडब्ल्यू हो गए। उन्होंने 69 गेंद पर 33 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान कोहली ने चार चौके और एक छक्का लगाया। कोहली अपने रंग में दिखाई दे रहे थे, लेकिन वॉकर की गेंद को खेलने से चूक गए। अंपायर ने जोरदार अपील के बाद विराट को एलबीडब्ल्यू आउट दे दिया। इस पर कोहली नाराज हो गए और अंपायर से भिड़ गए। अंपायर ने उन्हें आउट देने का कारण बताया। इसके बाद वह पवेलियन लौटे। कोहली ने केएस भरत के साथ छठे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की।शार्दुल ठाकुर के रूप में टीम इंडिया का सातवां झटका। सात रन बनाकर शार्दुल वॉकर की गेंद पर बोल्ड हो गए। वॉकर के इस पारी में पांच विकेट हो गए हैं। टीम इंडिया को आठवां झटका उमेश यादव के रूप में लगा। उमेश 32 गेंद पर 23 रन बनाकर विल डेविस की गेंद पर आउट हो गए।

# राशिफल

**मेष-:**अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए निजी संबंधों का इस्तेमाल करना आपके जीवनसाथी को नाराज कर सकता है. ख़र्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें और ज़रूरी चीज़ें ही ख़रीदें।

**वृष-:**आज कोई अच्छी जानकारी मिलने वाली है. आज आपको मिलने वाले अवसरों के लिए खुद को तैयार करें। आपकी महत्वाकांक्षाएं आज चरम पर होंगी।

**मिथुन-:**अपने खान-पान पर नियंत्रण रखें और फिट रहने के लिए नियमित व्यायाम करें. खर्चों में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही आय में वृद्धि से संतुलन बनेगा।

**कर्क-:**आज का दिन व्यस्त रहेगा। बेहतर होगा कि अपने प्रोजेक्ट का काम समय पर पूरा कर लें। जीवनसाथी के साथ आज आपका समय शांतिपूर्ण रहने वाला है। रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा।

**सिंह-:**मित्र के साथ गलतफहमी अप्रिय स्थिति पैदा कर सकती है, किसी भी निणर्य पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों को संतुलित दृष्टिकोण से जांच लें. अधिक खर्च और चतुर वित्तीय योजनाओं से बचें।

**कन्या-:**आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है. आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा जिससे आप सफलता की ओर तेजी से बढ़ेंगे। ऐसी सभी चीजों से दूर रहें जो आपकी प्रगति में बाधक हैं।

**तुला-:**आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है. आप जिन लोगों के साथ रहते हैं, वे आपसे बहुत खुश नहीं होंगे, चाहे आपने इसके लिए कुछ भी किया हो। आपके काम में रुकावट आ सकती है।

**वृश्चिक-:**आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहने वाला है. आज मन को व्यर्थ के विचारों में न भटकने दें। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके घर से शादी की बात शुरू हो सकती है।

**धनु-:**उदास और उदास न हों. आपके लिए आकर्षक निवेश योजनाओं के बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें, कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें। दोस्त और परिवार आपको प्यार और सहयोग देंगे।

**मकर-:**आज आपका ईर्ष्यालु स्वभाव आपको दुखी और दुखी कर सकता है. दूसरों के सुख-दुःख बांटने की आदत विकसित करें। पिता के साथ तनाव दूर करने के लिए दिन अच्छा है।

**कुंभ-:**धैर्य रखें, क्योंकि आपकी समझ और प्रयास आपको अवश्य ही सफलता दिलाएंगे. यात्रा और धन खर्च करने के मूड में रहेंगे लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

**मीन-:**आज का दिन यादगार रहने वाला है. एक समूह गतिविधि का नेतृत्व करेंगे। परिवार से जुड़ी परेशानियां आज खत्म होंगी। आप भी दूसरों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# सम्पादकीय

## राष्ट्रपति भवन के बाद महामहिम का पता, क्या 12 जनपथ के बंगले में जाएंगे रामनाथ कोविंद

लुटियन दिल्ली के बहुत ही कम बंगले दो मंजिला हैं। इसी बंगले में भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी भी रहते थे। चूंकि इधर कुछ समय तक सी. राजगोपालाचारी भी रहे, इसलिए इसके आगे की सड़क का नाम उनके नाम पर राजाजी मार्ग रख दिया गया था। एडवर्ड लुटियंस के डिजाइन किए महल रूपी राष्ट्रपति भवन को छोड़कर राष्ट्रपति और उनके परिवार के लिए किसी अन्य जगह पर रहना आसान तो नहीं होता होगा। पर कोई भी स्थायी रूप से तो राष्ट्रपति भवन में नहीं रह सकता है। खैर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद 1962 में पद मुक्त होने के बाद पटना चले गए थे। वह दिल्ली में नहीं रहे। पटना के लिए उनकी विदाई नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से हुई थी। देश के दूसरे राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन 1962 से 1967 तक अपने पद पर रहने के बाद चेनन्ई चले गए थे। डॉ. जाकिर हुसैन 13 मई, 1967 से लेकर 3 मई, 1969 तक देश के तीसरे राष्ट्रपति रहे। उनका पद पर रहते हुए निधन हो गया था। उनकी और उनकी पतनी श्रीमती शाहजहां बेगम जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पास के कब्रिस्तान में चिर निद्रा में हैं। भारत के चौथे राष्ट्रपति वीवी गिरी 24 अगस्त, 1969 से 24 अगस्त, 1974 तक अपने पद पर रहने के बाद चेनन्ई चले गए थे। उनके नाम का एक प्लाट लंबे समय से ईस्ट दिल्ली के विकास मार्ग पर खाली पड़ा है। उसमें उनकी नेमप्लेट भी लगी है। पांचवे राष्ट्रपति डॉ. फखरुद्दीन अली अहमद का 11 फरवरी, 1977 को पद पर रहते हुए निधन हो गया था। उनके बाद एन. संजीव रेड्डी 1977 से 1982 तक देश के राष्ट्रपति रहे। वह भी राष्ट्रपति भवन छोड़ने के बाद दिल्ली से चले गए थे। उनका 1996 में बंगलूरू में निधन हो गया था। राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह 1982-1987 तक देश के राष्ट्रपति रहे। वह राष्ट्रपति भवन छोड़ने के बाद तीन मूर्ति के पास सर्कुलर रोड के एक बंगले में रहने लगे थे। सर्कुलर रोड को अब उमाशंकर दीक्षित मार्ग कहते हैं। आर. वेंकटरमन 1987-92 तक देश के नौवें राष्ट्रपति रहे। वह दिल्ली में तो नहीं रहे, पर जब वह चेनन्ई वापस गए, तो काफी हंगामा हुआ, क्योंकि उनके पास अपने तीन घर थे। इसके बावजूद उन्होंने राज्य सरकार से सरकारी आवास की मांग की। उनके बाद शंकर दयाल शर्मा 1992-1997 तक राष्ट्रपति रहे। उनका 1999 में निधन हुआ। उन्हें सफदरजंग रोड में बंगला मिला था। उनके बाद उनकी पतनी विमला शर्मा उस बंगले में 2020 तक रहीं। केआर नारायणन राष्ट्रपति पद पर 1997-2002 तक रहे। वह राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद लुटियन दिल्ली में ही रहे। एपीजे अब्दुल कलाम पद से मुक्त हुए, तो उन्हें सरकार ने 10 राजाजी मार्ग का बंगला आवंटित किया। यह बेहद खास बंगला है। राष्ट्रपति पद से 2017 में मुक्त होने के बाद प्रणब मुखर्जी भी इसी बंगले में रहे। यहां उनका निधन हुआ। यह दो मंजिला बंगला है। लुटियन दिल्ली के बहुत ही कम बंगले दो मंजिला हैं। इसी बंगले में भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी भी रहते थे। चूंकि इधर कुछ समय तक सी. राजगोपालाचारी भी रहे, इसलिए इसके आगे की सड़क का नाम उनके नाम पर राजाजी मार्ग रख दिया गया था। मुखर्जी से पहले श्रीमती प्रतिभा पाटिल देश की राष्ट्रपति रहीं। वह कार्यकाल की समाप्ति के बाद पुणे चली गई थीं। दरअसल नियम यह है कि सरकार की सेवा से मुक्त होने के बाद पूर्व राष्ट्रपति यदि राजधानी में रहना चाहें, तो उन्हें वहां कैबिनेट मंत्री को आवंटित होने वाला बंगला आवंटित किया जाए। इस बीच, देश के वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अगले माह राष्ट्रपति पद से मुक्त होने के बाद संभवतः अपने गृह नगर कानपुर न जाकर राजधानी के 12 जनपथ के बंगले में रहने जा सकते हैं। लुटियन दिल्ली के इस सबसे बड़े बंगलों में से एक 12 जनपथ के बंगले में मरम्मत की जा रही है। 12 जनपथ की रामविलास पासवान के बंगले के रूप में पहचान होती रही। वह 1989 में यहां रहने आए थे। बेशक, 12 जनपथ और 10 जनपथ राजधानी के दशकों तक सबसे खासमखास पते रहे। राजीव गांधी को 10 जनपथ 1990 में आवंटित हुआ था। उनकी 1991 में हुई दर्दनाक मौत के बाद 10 जनपथ सोनिया गांधी के नाम आवंटित कर दिया गया था। आपको याद होगा कि सोनिया गांधी 2004 में यूपीए सरकार के हक में समर्थन जुटाने के इरादे से रामविलास पासवान के बंगले में चली गईं थीं। तब यह बड़ी खबर बनी थी। बहरहाल, देश के मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पांच साल राष्ट्रपति भवन में रहने के बाद विदाई की तैयारी कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने बंदूक पर प्रतिबंध लगाने वाले न्यूयॉर्क कानून को किया रद्द, राष्ट्रपति बाइडन ने जताई चिंता

अदालत के न्यायाधीशों द्वारा दिया गया फैसला अंततः लोगों को न्यूयॉर्क, लॉस एंजिलिस और बोस्टन समेत अमेरिका के बड़े शहरों के साथ अन्य जगहों की सड़कों पर कानूनन हथियार लेकर चलने की अनुमति प्रदान करेगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बंदूक रखने के अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले न्यूयॉर्क कानून को रद्द कर दिया। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि अमेरिका के लोगों को सार्वजनिक रूप से बंदूक ले जाने का मौलिक अधिकार है और इस अधिकार को सीमित करना संविधान के 14 वें संशोधन का उल्लंघन करता है। वहीं इस फैसले के बाद जो बाइडन ने कोर्ट के फैसले पर निराशा व्यक्त की है। फैसले से बहुत निराश जो बाइडन राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि न्यूयॉर्क स्टेट राइफल एंड पिस्टल एसोसिएशन बनाम ब्रूएन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मैं बहुत निराश हूं। उन्होंने कहा कि यह फैसला सामान्य ज्ञान और संविधान दोनों के विपरीत है और इससे हम सभी को बहुत परेशानी हुई है। साथ ही बयान में जो बाइडन ने राज्यों से तथाकथित कॉमनसेंस बंदूक कानूनों को लागू करने का भी आग्रह किया। अदालत के न्यायाधीशों द्वारा दिया गया फैसला अंततः अधिक लोगों को न्यूयॉर्क, लॉस एंजिलिस तथा बोस्टन समेत अमेरिका के बड़े शहरों तथा अन्य जगहों की सड़कों पर कानूनन हथियार लेकर चलने की अनुमति प्रदान करेगा। हाल ही में कई अमेरिकी शहरों में हुई गोलीबारी अदालत का फैसला ऐसे समय आया है जब टेक्सास, न्यूयॉर्क और कैलिफोनिया में हाल ही में हुई सामूहिक गोलीबारी के बाद अमेरिकी संसद हथियार कानून पर सक्रियता से काम कर रही है।



# ब्रिक्स की ईंटें मजबूत हैं : शिखर सम्मेलन की तस्वीरों से जाहिर होती है सदस्य देशों की करीबी

चीन ब्रिक्स का विस्तार करने का इच्छुक है और रूस उसकी इस पहल का समर्थन करता है। इस पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है, पर इसमें लंबा वक्त लगेगा, क्योंकि इसके मानदंड तय नहीं किए गए हैं। चीनी सरकार के विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर लगी तस्वीरों में नौवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (2017) में सभी नेता हाथ पकड़कर मुस्कराते हुए, तो दसवें सम्मेलन (2018) में एक कतार में खड़े कैमरे की तरफ हाथ हिलाते हुए और 11वें एवं 12वें शिखर सम्मेलन में बस खड़े हुए दिख रहे हैं। 13वें शिखर सम्मेलन में शामिल पांचों नेताओं की आप बस तस्वीरें देख सकते हैं। 14वां शिखर सम्मेलन, जो इसी हफ्ते आभासी तरीके से संपनन्न हुआ, में केवल चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठे और बोलते हुए दिख रहे हैं। शायद, यह सदस्य-राष्ट्रों की बीच की दूरियों को दर्शाता है। लेकिन ज्यादा संभावना है, कि यह मौजूदा और आने वाले चुनौतीपूर्ण समय को लेकर हरेक सदस्य का सतर्क दृष्टिकोण हो। यह इस बात पर निर्भर करता है कि कोई वैश्विक मामलों को किस तरह से देखता है। इस संगठन का मजाक उड़ाते हुए अक्सर कहा जाता है कि इसका कोई उद्देश्य नहीं, कोई एकता नहीं, कोई उपलब्धि नहीं है। लेकिन वर्ष 2009 में अपनी स्थापना के बाद से यह न केवल बचा हुआ है, बल्कि इसने उन लोगों के लिए एक मंच का काम किया है, जो अर्थशास्त्र और व्यापार, जलवायु परिवर्तन, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा और अन्य सहयोग के मामले में 'गैर-पश्चिमी' तरीके खोज रहे हैं बीजिंग में ब्रिक्स के चौदहवें सम्मेलन में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद पहली बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मंच प्रदान किया गया। अपनी बात रखने के लिए उन्हें पहली बार मौका मिला, जो अब तक पश्चिम नियंत्रित कूटनीतिक एवं सामरिक बहस में दबा हुआ है। वास्तव में ब्रिक्स उन पांच देशों का मंच है, जिन्होंने यूक्रेन में रूस की कार्रवाई की निंदा करने से परहेज किया है और एकध्रुवीय दुनिया का विकल्प खोज और प्रदान कर रहे हैं। इनका मानना है कि दुनिया को इस संतुलन की जरूरत है। ब्रिक्स भारत के लिए गैर-पश्चिमी देशों से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण




मंच बनकर उभरा है। यह भारत की बहुपक्षीय नीति को बल देता है, जहां भारत अपने राष्ट्रीय हित के लिए प्रासंगिक सभी ताकतों से जुड़ता है। इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन बेहतर परिस्थितियों में हुआ। बेशक भारत पश्चिम के साथ है, क्योंकि यह अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड का सक्रिय सदस्य है। लेकिन इसने संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य मंचों से दूरी नहीं बनाई है, जहां इसे दबावों का सामना करना पड़ा है, और गंभीर आर्थिक प्रतिबंधों की धमकियां भी मिली हैं। यही नहीं, इसने रूसी रक्षा उपकरणों को खरीदना जारी रखा है और रियायती दर पर रूसी तेल खरीदने का बीड़ा उठाया है। भारत के खिलाफ धमकियां अब तक कामयाब नहीं हो पाई हैं। विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने पश्चिम से कहा, खासकर यूरोप से, कि इस तरह सोचना बंद कीजिए कि यूरोप की समस्या वैश्विक समस्या है और सबको इसका पालन करना चाहिए, विशेष रूप से उन देशों को, जिन्हें उसने अतीत में उपनिवेश बनाया और उनका शोषण किया। उन्होंने पश्चिम के इस तर्क को खारिज कर दिया कि अगर चीन भारत पर हमला करता है, तो केवल पश्चिम ही मदद कर सकता है, खासकर यूक्रेन संकट के बाद पश्चिमी देश जिस तरह से एशिया को देखते हैं, उसमें इस दावे पर भरोसा नहीं किया जा सकता। पहली बात तो यह है कि चीन भारत पर हमला नहीं कर सकता और दूसरी बात यह कि अगर ऐसा होता है, तो भारत कूटनीतिक समर्थन के अलावा और किसी मदद की उम्मीद न तो करता है और न करेगा। निस्संदेह, जयशंकर को राजनीतिक समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के सुरक्षा प्रतिष्ठान से मिलता है, जिसे दुनिया ने पहचाना है। शिखर सम्मेलन में अपना मुख्य भाषण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी हालांकि सतर्क थे, उन्होंने चतुराई से कोविड-19 पर बात की, न कि यूक्रेन पर। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के गवर्नेंस पर पांचों ब्रिक्स देशों के विचार समान हैं। शिखर सम्मेलन की घोषणा पढ़ते वक्त आईएमएफ और अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थानों से आह्वान किया गया कि वे कोटा प्रणाली के रूप में काम करें, जो सभी अर्थव्यवस्थाओं के लिए उचित है। इसने विश्व समुदाय को एक स्पष्ट संदेश दिया। असल में क्वाड का हिस्सा होने के नाते भारत को मितभाषी रहने की जरूरत है। मोदी जानते हैं कि अगर उन्होंने बीजिंग से कोई सख्त संदेश दिया, तो उसका गलत असर हो सकता है। भारत न तो चीन को उकसाना चाहता था और न ही पश्चिम को, फिर भी उसने ब्रिक्स के मंच का इस्तेमाल यह बताने के लिए किया कि दुनिया को एक ऐसे विकल्प की जरूरत है, जो अलग-अलग दृष्टिकोण को मान्यता दे और जिस पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई की जा सके।चीन ब्रिक्स का विस्तार करने का इच्छुक है और रूस उसकी इस पहल का समर्थन करता है। इस पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है, पर इसमें लंबा वक्त लगेगा, क्योंकि इसके मानदंड तय नहीं किए गए हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मंच के रूप में जब यह अर्जेंटीना, मिस्र, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, नाइजीरिया, सऊदी अरब और मैक्सिको जैसी विकासशील अर्थव्यवस्था का स्वागत करेगा, तो इससे एक संदेश जाएगा कि बहु-ध्रुवीयता की ओर बढ़ने वाला विश्व मानवजाति के लिए एक बेहतर स्थान होगा। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक व्यवस्था की तीन प्रमुख चिंताओं को छुआ-आसनन्न वैश्विक आर्थिक संकट, यूक्रेन में चल रहे युद्ध के नुकसान और ब्रिक्स का विस्तार। इसने बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधार, कृषि, तकनीकी, कोविड-19 महामारी का मुकाबला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, स्वास्थ्य, पारंपरिक चिकित्सा, पर्यावरण, व्यावसायिक शिक्षा व प्रशिक्षण, और एमएसएमई जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया। सम्मेलन की घोषणा ने वैश्विक शासन और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने तथा परस्पर सम्मान और मौलिक अधिकारों के लिए शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यह 'आर्थिक निणन्य लेने और मानदंड-निर्धारण प्रक्रियाओं में उभरते बाजारों व विकासशील देशों की भागीदारी को व्यापक और मजबूत करने के लिए तत्पर है।' कुल मिलाकर कह सकते हैं कि यूक्रेन संकट, प्रतिबंधों की धमकी, जलवायु आपदा या वैश्विक मंदी की आशंका के बावजूद ब्रिक्स की ईंट की दीवारें नहीं दरकीं, बल्कि इसने अपनी सहनशक्ति का परिचय दिया है।

## जयशंकर ने रवांडा में भारतीयों को सुनाई देश की विकास गाथा, पढ़ें पूरी रिपोर्टजयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की 26वीं बैठक

(चोगम) में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। वह 24-25 जून को 54 देशों के ब्लॉक के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को रवांडा में बसे भारतीयों से मुलाकात की और उन्हें देश की विकास गाथा सुनाई। द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में उनके योगदान की सराहना भी की और इस पूर्वी अफ्रीकी देश की अपनी यात्रा के दौरान यहां समुदाय के सदस्यों के




साथ बातचीत करते हुए भारत की प्रगति के बारे में बात की। उन्होंने रवांडा के विदेश मंत्री विन्सेंट बिरुटा के साथ शुक्रवार से शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा भी की। जयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की 26वीं बैठक (चोगम) में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। वह 24-25 जून को 54 देशों के ब्लॉक के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, मेरे मेजबान रवांडा के विदेश मंत्री विन्सेंट बिरुटा से मुलाकात कर दिन की शुरुआत की। द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2018 यात्रा के बाद हुई संबंधित प्रगति पर चर्चा की। राष्ट्रमंडल एजेंडे पर चर्चा की और रवांडा में सफल शिखर सम्मेलन की कामना की। क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया। 26वें चोगम शिखर सम्मेलन का विषय 'एक साझा भविष्य प्रदान करनाः जुड़ाव, सुधार, परिवर्तन' है। इससे पहले जयशंकर ने बुधवार को केन्या के विदेश मामलों के कैबिनेट सचिव रेशेल ओमामो से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, केन्या के मेरे दोस्त रेशेल ओमामो से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमारी चर्चा खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव पर केंद्रित रही। उन्होंने लिखा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हमारे चल रहे सहयोग की पुनः पुष्टि की। जयशंकर ने बेलीज के विदेश मंत्री से भी मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया, रवांडा में चोगम 2022 के दौरान बेलीज के विदेश मंत्री इमोन कर्टेन से मिलकर खुशी हुई। भारतीय मदद से निर्मित इंजीनियरिंग केंद्र को लेकर खुशी व्यक्त की। भारत महामारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में टीके उपलब्ध कराना जारी रखेगा। राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के नेता समकालीन प्रासंगिकता के मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे जिनमें जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य मुद्दों जैसी वैश्विक चुनौतियों और बाल देखभाल एवं सुरक्षा सुधार पर किगाली घोषणा समेत कई दस्तावेजों को अपनाए जाने की संभावना है।

## यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्जा दिया दो गांवों पर रूस का कब्जा

ब्रुसेल्स में होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले नाम उजागर नहीं करने की शर्त के साथ यूरोपीय संघ के कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन के पक्ष में सर्वसम्मत अनुमोदन होगा जो चर्चा शुरू करने के लिए जरूरी है। यूरोपीय संघ (इय्यू) ने गुरुवार को सदस्यता के लिए यूक्रेन को आधिकारिक तौर पर उम्मीदवार का दर्जा दे दिया। इससे पहले इय्यू के नेता उनके संगठन में शामिल करने के लिए



यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्ज देने के लिए तैयार हो गए थे। उधर, रूस-यूक्रेन युद्ध के 120वें दिन रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के दो गांवों पर कब्जा कर लिया है। अब रूस एक प्रमुख राजमार्ग पर कब्जा कर रसद आपूर्ति को काटकर अग्रिम पंक्ति के कुछ यूक्रेनी सैनिकों को घेरना चाहता है। यूरोपीय संघ की पूर्ण सदस्यता के लिए एक लंबे व अप्रत्याशित सफर के लिए यह पहला कदम बढ़ा लिया गया है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यूक्रेनी सैनिकों को लिसिचंस्क शहर के नजदीक कुछ क्षेत्रों से पीछे हटा लिया गया है ताकि घेराबंदी की आशंका टाली जा सके। यहां पर रूसी सैनिक भारी गोलाबारी कर रहे हैं। उधर यूक्रेनी थलसेना प्रमुख ने कहा कि रूसी सैनिकों ने लोसकुतीवका और राई-ओलेक्सांद्रीवका गांवों पर कब्जा कर लिया है। वे अब सेवेरोदोनेस्क के बाहर सारोटाइन पर कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, ब्रुसेल्स से संकेत हैं कि यूक्रेन का इय्यू सदस्यता के लिए दावेदार बनना अब तय सा हो चुका है। सर्वसम्मति से होगा यूक्रेन के पक्ष में अनुमोदन ब्रुसेल्स में होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले नाम उजागर नहीं करने की शर्त के साथ यूरोपीय संघ के कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन के पक्ष में सर्वसम्मत अनुमोदन होगा जो चर्चा शुरू करने के लिए जरूरी है। इय्यू के 27 राष्ट्र रूसी हमले के खिलाफ यूक्रेन के प्रतिरोध का समर्थन करने, मॉस्को के खिलाफ अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंधों को स्वीकार करने में एकजुट हैं। गैस आपूर्ति 'संकट' का सामना कर रहा जर्मनी जर्मनी ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए त्रिस्तरीय आपात योजना के दूसरे चरण में पहुंचने की घोषणा की और चेतावनी है कि रूस की तरफ से कम होती आपूर्ति के चलते सर्दी के लिए भंडारण लक्ष्यों को लेकर खतरा पैदा हो गया है। सरकार ने कहा कि 14 जून से रूस की ओर से आपूर्ति में कटौती और बाजार में गैस के दामों में उछाल के चलते उसे 'चिंताजनक' स्तर की चेतावनी जारी करनी पड़ी है। तीसरा व अंतिम चरण 'आपात' स्तर कहा जाएगा। आर्थिक मामलों के मंत्री रॉबर्ट हेबेक ने हालात गंभीर बताए। भारतवंशियों ने यूक्रेनियों के प्रति एकजुटता जताई भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के एक समूह ने यूक्रेन के लोगों के प्रति एकजुटता जताई है। संगठन 'अमेरिकी हिंदू कोलीशन' ने भारत-अमेरिका सुरक्षा परिषद के साथ मिलकर संसद भवन इमारत में यूक्रेन नरसंहार के खिलाफ भारतीय-अमेरिकी नागरिक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें रूस से यूक्रेन में आम लोगों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को तत्काल रोकने की अपील की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### भागवत कथा के सातवे दिन सुदामा चरित्र और होली महोत्सव मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** श्री राधे श्याम भागवत सेवा समिति सलारपुर के द्वारा सैंगर पब्लिक स्कूल राजीव कॉलोनी सलारपुर नोएडा में आयोजित 11वी भागवत कथा का आज सातवां दिन कथावाचक वृंदावन किंकर पंडित श्री उमेश चंद्र शास्त्री जी के द्वारा नवयोगेश्वर संवाद,सुदामा चरित्र,कथा विश्राम और होली महोत्सव मनाया गया,कल कथा का समापन हवन और भंडारे के साथ हो जाएगा ,श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर कथा का आनंद लिए, इस अवसर पर भारती मिथिला सहयोग समिति एवम जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेन्द्र पाठक , महेश शर्मा,सुबेराम शर्मा,रविंद्र शर्मा ,नरेंद्र शर्मा, देवचंद्र झा, रमाकांत झा,,हरिराम दूबे,धर्मेंद्र पाठक,दयानंद शर्मा,विनोद शर्मा,शैलेंद्र सिंह,जयवीर शर्मा, शम्भू झा,शंकर झा,रंगलाल झा,सतीश शर्मा,श्रवण त्यागी,जयराज भाटी,घनश्याम झा,मुकेश शर्मा,सुमित भाटी,नवीन झा,राजीव मिश्रा,निरंजन पाठक,अंकित शर्मा,रिंकू शर्मा,लखीचंद शर्मा,संदीप चौहान,प्रदीप शर्मा,प्रवीण शर्मा, बंटी शर्मा,राहुल शर्मा,सौरव शर्मा रवि चौधरी, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### अपनी मांग को लेकर ऑटो ड्राइवरों ने आर टी ओ कार्यालय पर किया प्रर्दशन

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** की सड़कों पर ऑटो टैक्सी चलते हुए तो देखें ही होंगे। क्या आपने कभी इस पर विचार किया, कि नोएडा में कोई भी वैध ऑटो स्टैंड नहीं हैं। वहीं, ऑटो ड्राइवर बताते हैं कि ऑटो जहां भी रूकी, तुरंत ट्रैफ़िक पुलिस की सीटी की आवाज़ कानों में सुनाई देने लगती है। और यात्रियों को उतारने से पहले ही ऑटो का चालान कट जाता है। ऐसे ही कई समस्याओं



के समाधान के लिए सैकड़ों ऑटो ड्राइवरों ने नोएडा के सेक्टर- 33 में स्थित आरटीओ ऑफिस का घेराव किया। ऑटो ड्राइवरों ने किसान यूनियन के साथ मिलकर आरटीओ ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान ऑटो ड्राइवरों का कहना है कि दिल्ली की तर्ज़ पर नोएडा में भी ऑटो चले, और जिले में एक परमिट बनाया जाए, जिसके हिसाब से ऑटो चलाया जाए। इसके साथ ही प्रदर्शन कर रहे ऑटो चालकों ने कहा कि ज़िले में एक भी वैध ऑटो स्टैंड नहीं है, अधिकारियों को इस मामले में सज्ञान लेना चाहिएं।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी बैंक खातों से आधार को कराएं लिंक

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर लवेश कुमार सिसौदिया ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत समस्त पेंशनरों को आधार बैंक खातों से लिंक कराना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में पेंशन की धनराशि खातों में स्थानांतरित नहीं की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि सभी पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपने बैंक की पासबुक एवं आधार कार्ड लेकर कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कमरा नंबर 107 विकास भवन जनपद गौतम बुद्ध नगर में जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे की आपके पेंशन में आधार लिंक का कार्य किया जा सके।

# कुल 600 अदद प्रतिबंधित टेबलेट अलप्राजोलम सहित शातिर गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
अशीष त्रिवेदी

**सीतापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी लहरपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 377/22 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त सरताज पुत्र बदलू निवासी मोहल्ला मीरा टोला कस्बा व थाना लहरपुर को तम्बौर मार्ग के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त सरताज पुत्र बदलू उपरोक्त के पास से अभियोग




उपरोक्त से सम्बन्धित 1008 सिक्के, 01 अदद घंटा बरामद हुआ है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त उपरोक्त के पास से कुल 600 अदद अल्प्राजोलम नशीला टेबलेट भी बरामद हुआ है। बरामदगी- 1008 सिक्के, 01 अदद घंटा, 600 अदद अल्प्राजोलम नशीला टेबलेटपुलिस टीमः- 1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव सिंह 2.उप निरीक्षक श्री जयप्रकाश यादव 3.आरक्षी युसुफ अली 4.आरक्षी अर्पित विशनेई 5.आरक्षी विनय पटेल 6. आरक्षी मनीष चौधरी 7. आरक्षी राहुल कुमार।

# पुलिस कमिशनर आलोक सिंह एवं जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में आबकारी विभाग लगातार एक्शन में....................

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिशन्र आलोक सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के दिल्ली राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य के साथ एक अभियुक्त मनोज पुत्र उदय को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे



व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस रवि जायसवाल आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 द्वारा कोंडली में चेकिंग के दौरान एक स्कूटी वाहन संख्या से 09 बोतल किंगफिशर भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# 29 व 30 जून एवं 1 जुलाई को लखनऊ में आम महोत्सव 2022 का होगा आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आम महोत्सव विविधता पूर्ण आम उत्पादन एवं विभिन्न प्रजातियों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी दिनांक 29 व 30 जून, एवं 1 जुलाई, को अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आम महोत्सव के आयोजन से आम की विभिन्न किस्मों को प्रजातीय संरक्षण मिलेगा तथा आम के बागों में उनन्त एवं विभिन्न किस्मों के प्रति रूझान बढ़ाने तथा गुणत्तायुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तान्तरण को बढावा मिलेगा। इसके साथ-साथ जनमानस आम की विविधता को देख कर ज्ञानार्जन के साथ-2 हार्टी टूरिज्म के प्रति जागरूकता भी बढेगी। उन्होंने बताया कि प्रगति शील आम उत्पादकों के साथ आयोजित उ0प्र0 आम महोत्सव-2022 प्रतिभाग करने की तैयारी है। साथ ही जनपद गौतमबुद्धनगर आम के उत्कृष्ट प्रजातीय के नमूनों को महोत्सव में प्रदर्शित कराने की सभी व्यवस्थायें भी हैं। महोत्सव में उत्कृष्ट कोटि के आम प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा होगी, जिसमें पुरस्कृत भी किया जायेगा। यदि कृषक आम फल को महोत्सव में बिक्री करना चाहते हों तो वह आम बिक्री का स्टॉक भी साथ में आकर्षक पैकिंग में लाने की व्यवस्था रखें।

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** 116 में भाजपा नोएडा द्वारा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम और गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस मौके पर राधामोहन सिंह लोक सभा सांसद, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री और प्रदेश प्रभारी उ.प्र मुख्य अतिथि के रूप में रहे। नोएडा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा , नोएडा विधायक पंकज सिंह, उत्तर प्रदेश महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, प्रभारी बसंत त्यागी मौजूद रहे। राधामोहन सिंह ने कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान कश्मीर को भारत का भाजपा पूरे देश में आज बलिदान दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर रही है। पर्यावरण को संतुलित करने का भी काम भी कार्यकर्ता कर रहे है। लगाए गए वृक्षों की अगले छह महीने तक भाजपा कार्यकर्ता इसकी देखभाल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया। और उन्होंने बताया पिछले बार की तरह इस बार भी पूरे नोएडा में सभी कार्यकर्ता हर मंडल में सेंकडों वृक्ष लगाएँगे जिससे पर्यावरण को और बेहतर बनाया जा सके। इस मौके पर ज़िले की पूरी कार्यकारिणी के साथ सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमें महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव,



अभिनन्‍ अंग बनाने हेतु दिया था। उनके सपनों को साकार करने का काम वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित भाई शाह के द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता यह नारा बार बार लगाते थे कि जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। इस नारे को साकार करने का काम देश के प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा की कोरोना काल में जिस प्रकार से हमारे अपने और प्रियजनो की मौत हुई और ऑक्सीजन की कमी महसूस हुई है। उसी को देखते हुए भाजपा के कार्यकर्ता राजनीति के साथ साथ पर्यावरण की भी चिंता करते हैं। डिम्पल आनंद, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, मनीष शर्मा, गिरजा सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता, युधवीर चौहान, योगेन्द्र चौधरी, गिरीश कोटनाला, मंत्री एस पी चमोली, प्रमोद बहल, अमरीश त्यागी, चमन अवाना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, राजीव त्यागी, हर्ष चतुर्वेदी, महेश अवाना, मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, पंकज झा, कल्लू सिंह, गोपाल गौर, बबलू यादव, मुक्ता नंद शर्मा, राम निवास यादव, ओमवीर अवाना, लोकेश यादव, शारदा चतुर्वेदी, डॉक्टर प्रसंजित मैत्रा, श्रीमती संतोष सिह,सरिता सिंह, अहसान खान, मनोज चौहान, मोहित भंगेल, शिवांश श्रीवास्तव, आदि लोग मजूद रहे।

# नारी प्रगति सोशल फ़ाउन्डेशन ने नेत्र शिविर का आयोजन किया....

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन का मिशन अपनी परियोजना आरोग्यम के तहत समाज के सभी वर्ग के कम से कम 5 ,000 लोगो के अच्छे स्वास्थ्य के लि?ए निःशुल्क कैंसर जागरुकता समान्य शारीरिक प्रभारी अलका वर्मा ने बताया कि इस शिविर में 142 बच्चो एवं 10 स्टाफ की आँखों की जाँच कराई गई जिसमें 13 बच्चों को चश्मा लगाने का परामर्श दिया गया है तिरुपति आई सेंटर की प्रख्यात डॉक्टर ईशा अफताब (ऑप्थोमोलॉजिस्ट कैटरेक्ट रिफैक्ट्रेटिव सर्जरी) ने बताया कि



जाँच एवं नेत्र जाँच शिविर का आयोजन कर लोगो को स्वास्थय संबंधित लाभ देना है। नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन ने आज तिरुपति चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से महिला कल्याण विभाग के अधीन गवर्नमेंट ऑब्जर्वेशन होम बॉयस नोएडा में रह रहे बच्चों के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल सोनी, प्रशिक्षक धर्मेंद्र मौर्य सुनील कुमार पांडे अधीक्षक की मदद से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया।तिरुपति आई सेंटर की चेयरपर्सन डॉ मोहिता शर्मा के अनुसार करोना के कारण बच्चो की आँखो पर बहुत दुष्प्रभाव पड़ा है इस कारण बच्चो की आखो की जाँच आवयक हैं। आंखें मानव जीवन का सबसे प्रमुख और महत्वपूर्ण भाग है सिर्फ इसी से ही हम प्रकृति के सौंदर्य को देख सकते हैं । संस्था की मीडिया ज्यादातर बच्चों की आखों की रोशनी सही है संस्था की संस्थापक मीनाक्षी त्यागी, वनिता सोपोरी ,नीशू गुप्ता ने प्रशिक्षक धर्मेंद्र मौर्य से बच्चों की उचित देखभाल के लिए सराहना की जिन्हें प्रतिदिन दुध फल अच्छा भोजन, कम्प्यूटर का प्रशिक्षण और खेलने की सुविधा दी जाती हैं प्रशिक्षक धर्मेंद्र मौर्य ने संस्था को बताया कि जिन बच्चों की रोशनी मे समस्या होगी उनके लिए डॉक्टर की सलाह से इलाज और चश्मे बनाए जायेंगे संस्था ने भी अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही।इस शिविर को सफल बनाने में तिरुपति आई सेंटर से दृष्टि विशेषज्ञ आयुषी सिंह, नवनीत कुमार, गवर्नमेंट ऑब्जर्वेशन होम बॉयस से सुरेश चंद, सतीश गिरी, कांस्टेबल सतीश चंद ,नारी प्रगति सोशल के हेड - चाइल्ड एजुकेशन शशि नाथ प्रसाद ने शामिल होकर शिविर को सफल बनाया।

# सेक्टर 30 में विकास की बयार बहेगी

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** भारत जागरूक नागरिक संगठन की बैठक डीडीए मधुबन चौक के चीफ इंजीनियर के साथ हु बैठक में वाटर सेल इलेक्ट्रिकल डिविजन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेसंगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्णवाल ने मीटिंग में अधिकारियों के समक्ष सेक्टर 30 सीटू पॉकेट में पानी सप्लाई, सेक्टर के इलेक्ट्रिफिकेशन सड़क स्ट्रीट लाइट सफाई पार्क एवं अन्य मुद्दों को उठाया उन्होंने कहा कि सेक्टर में पाइपलाइन तो डाला हुआ है लेकिन पानी छोड़ा नहीं जा रहा त् इसलिए कनेक्शन के बाद भी निवासियों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा इलेक्ट्रिफिकेशन यानी खंबे तार ट्रांसफार्मर आदि लगाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जब टाटा पावर से इस पर बात की तो टाटा पावर ने कहा कि डीडीए जब पैसा देगा तभी वह सेक्टर30 पॉकेट ण्2 में इलेक्ट्रिफिकेशन का काम करेगा अधिकारियों ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना चीफ इंजीनियर ने कहा कि इस सेक्टर का शीघ्र विकास होगा उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड को निर्देशित किया कि इस सेक्टर में शीघ्र पानी सप्लाई सुनिश्चित किया जाए इलेक्ट्रिफिकेशन के मुद्दे पर उन्होंने कहा टाटा पावर को पहले भी पैसे दिए जा चुके हैं त् आवश्यकता पड़ने पर और भी पैसा दिया जाएगा त् टाटा पावर को सेक्टर में इलेक्ट्रिफिकेशन का काम जल्द से जल्द कराने को कहा जाएगा उन्होंने इसके अलावा सेक्टर के अन्य समस्याओं स्ट्रीट लाइट सड़क पार्क सफाई आदि समस्याओं का भी निस्तारण किया जाएगा संगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्णवाल ने कहा कि इस सेक्टर में एंड यूजर है त् जो यहां पर रहने के लिए मकान बना रहे हैं त्अगर बिजली पानी सड़क की समस्या दूर हो जाएगी तो यह सेक्टर शीघ्र ही रेसिडेंट से भर जाएगा।

# जुमे की नमाज को लेकर प्रदेश भर में अलर्ट, कई शहरों में डीएम-एसपी ने फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च

**मथुरा ।** देवबंद, अलीगढ़ और दिल्ली से सटे नोएडा में भी पुलिस ने इलाकों में फ्लैग मार्च किया है। इस बीच प्रशासन ने बीते दिनों हुई हिंसा के सिलसिले में धर-पकड़ का अभियान भी सख्त किया हुआ है। आज जुमे की नमाज को लेकर प्रदेश भर में अलर्ट है। बीते दिनों जिन जगहों पर हिंसा और उत्पात हुआ उन इलाकों में पुलिस सतर्क है। पुलिस के आला अधिकारी खुद इलाके में जाकर हालात का जायजा ले रहे हैं। पुलिस कमिशन्र ने कहा कि हमने राज्य के कुछ जिलों में तीन और दस जून की घटनाओं के मद्देनजर पुलिस की तैनाती है और ड्रोन निगरानी के साथ हाई अलर्ट पर हैं। हम सभी धर्मगुरुओं से भी बात कर रहे हैं। हमारी गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा के बीच जुमे की नमाज सुचारु रूप से संपनन्‍ होगी। मथुरा, देवबंद, अलीगढ़ और दिल्ली से सटे नोएडा में भी पुलिस ने इलाकों में फ्लैग मार्च किया है। इस बीच प्रशासन ने बीते दिनों हुई हिंसा के सिलसिले में धर-पकड़ का अभियान भी सख्त किया हुआ है। पुलिस ने दंगाइयों के पोस्टर लगाकर लोगों से पहचान की अपील भी की थी। हालांकि, पिछला शुक्रवार अपेक्षाकृत सुकून से बीता था लेकिन इसके बाद भी प्रदेश में पुलिस अलर्ट मोड में है।विभाग के आला अफसरों के साथ ही प्रशासन की ओर से भी सतर्कता के आदेश दिए गए हैं। बागपत में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। बृहस्पतिवार को एएसपी, सीओ और कोतवाली प्रभारी ने नगर में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च निकाला। उन्होंने समाज के लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा करने की अपील की। बृहस्पतिवार को एएसपी मनीष कुमार मिश्रा व सीओ देवेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च निकाला। अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के लोगों से बातचीत की और शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सभी मस्जिदों के बाहर व आसपास पुलिस बल तैनात रहेगा और अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। एएसपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि जुमे की नमाज पर जिले में चप्पे चप्पे पर पुलिस अलर्ट रहेगी। एएसपी के अनुसार जुमे की नमाज पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। जुमा की नमाज को लेकर हाथरस प्रशासन भी सतर्क है। दो सप्ताह पहले पुरदिलनगर में हुआ था बवाल। इसे लेकर यहां और बरती जा रही सतर्कता। पुलिस फोर्स की मस्जिदों के बाहर ड्यूटी की सुनिश्चित।



# दुष्कर्म मामले में फंसा हाजी इकबाल का पूरा परिवार, भाई महमूद अली के खिलाफ भी केस दर्ज..............

**नई दिल्ली।** दुष्कर्म मामले में खनन माफिया हाजी इकबाल का पूरा परिवार फंस गया है। वहीं उसके भाई महमूद अली के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है। सहारनपुर में किशोरी के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म में खनन माफिया पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल का पूरा परिवार ही फंस गया है। दुष्कर्म के मामले में इकबाल के छोटे भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जबकि उसके चार बेटों के खिलाफ किशोरी से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप पाडित पक्ष की ओर से लगाया गया है। करीब तीन साल पुराने मामले की जांच के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी आकाश तोमर ने बताया कि पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल के खिलाफ एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने की रिपोर्ट



दर्ज की गई है। इस मामले में हाजी इकबाल के अलावा उसके छोटे भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली पर भी दुष्कर्म करने का आरोप है। दोनों भाइयों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसी मामले में पीडित पक्ष ने हाजी इकबाल के चार बेटों पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। इसी रिपोर्ट में इनको भी नामजद किया गया है।उधर, आईजी डॉ. प्रीतिंदर सिंह ने बताया कि मामला करीब तीन साल पुराना है। मिर्जापुर थाना क्षेत्र की रहने वाली पीडिता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल, उसके भाई महमूद अली पर दुष्कर्म करने का आरोप और चार अन्य पर छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र की जांच के उपरांत महिला थाने पर उक्त आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ट्रक से भिड़ी रोडवेज बस, चार की मौत

**पीलीभीत।** में गोला के लोगों के हादसे की खबर से जिला उबर भी नहीं पाया था कि जिले में आज फिर रोडवेज की अनुबंधित बस एक ट्रक से भिड़ गई। हादसे में चार लोगों की मौत की खबर आ



रही है। इसमें रोडवेज बस का ड्राइवर भी शामिल है। दस से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भेजा गया है। बस धौरहरा से लखीमपुर जा रही थी। असम हाईवे पर बृहस्पतिवार सुबह करीब चार बजे बड़ा हादसा हुआ। हरिद्वार से लखीमपुर खीरी के गोला लौट रही पिकअप चालक को झपकी आने से पेड़ से टकरा गई। इस भीषण सड़क हादसे में एक परिवार के 10 लोगों और चालक की मौके पर मौत हो गई। यह सभी हरिद्वार में गंगा सनन करने गए थे। मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे भी हैं। सिपाही देवेश चौधरी और होमगार्ड निरंजन ने बताया दो घायलों के पैर गाड़ी के डैश बोर्ड और पेड़ के बीच फंस गए थे। इन्हें क्रेन के आने पर ही सुरक्षित निकाला जा सका। लखीमपुर खीरी के थाना गोला गोकर्णनाथ के मोहल्ला तीर्थ निवासी संजीव शुक्ला अपने परिवार और रिश्तेदारों को लेकर सोमवार की शाम पिकअप (टाटा एसीई) से हरिद्वार में गंगा सनन के लिए गए थे। गाड़ी गोला इलाके के ही गांव दत्तेली का दिलशाद (30) चला रहा था। वहां से सभी बुधवार शाम को लौट रहे थे।

# पिछले तीन वर्षा में इस बार सबसे अधिक रहा 10वीं और 12वीं के रिजल्ट का प्रतिशत

**उत्त्र प्रदेश।** नए और पुराने आंकड़ेउत्तर प्रदेश माध्यिमक शिक्षा परिषद ने हाल ही में 2022 की बोर्ड परीक्षाओं का परीणाम जारी किया है। इस बार यूपी बोर्ड हाईस्कूल में कानपुर के प्रिंस पटेल ने बाजी मारी है जबकि बारहवीं में फतेहपुर की रहने दिव्यांशी अव्वल रहीं हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष इंटरमीडियट का रिजल्ट पिछले तीन सालों के रिजल्ट की तुलना में सबसे अधिक रहा है। हालांकि साल 2021 में छात्र-छात्राओं को प्रमोट किया गया था जिस कारण तत्कालीन वर्ष के आंकड़ों को इस रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है। इस आर्टिकल में 10वीं व 12 वीं कक्षा के बीते तीन वर्षो के परीक्षा परीणाम की विस्तृत जानकारी साझा की गई है। यूपी बोर्ड से किसी भी जानकारी के लिए स्टूडेंट्स बोर्ड की




आधिकारिक वेबसाइट यूपीएमएसपी पर विजिट कर सकते हैं। वहीं अगर कोई छात्र यूपी बोर्ड के नए सत्र की घर बैठकर तैयारी करना चाहता है तो सफलता 2022 की एनसीईआरटी पैटर्न पर आधारित चलाई जा रही ऑनलाइन क्लासेस को तुरंत ज्वॉइन कर सकते हैं। इस विश्लेषण में साल 2019, 2020 व 2022 के हाईस्कूल व इंटरमीडियट के परीक्षा परीणामों को लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 में यूपी बोर्ड दसवीं का कुलरिजल्ट प्रतिशत 80.7 और 2020 में 83.31 प्रतिशत था जबकि साल 2022 में यूपी बोर्ड हाईस्कूल का परिणाम प्रतिशत 88.18 रहा है। वहीं, 12वीं का कुल पासिंग पर्सेंट 85.33 हैजोकि 2019 में 70.2 और 74.64 प्रतिशत की तुलना काफी अधिक रहा है। यह आंकड़ें विभिन्न स्त्रोतो से एकत्र किए गए हैं। इनकी पुष्टि के लिए विद्यार्थी यूपीएमएसपी पर विजिट करसकते हैं।

# ऋषि कपूर को याद कर भावुक हुए रणबीर कपूर, बोले- काश पापा 'शमशेरा' देखने के लिए जिंदा होते






**नई दिल्ली ।** अभिनेता रणबीर कपूर इस समय अपनी बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'शमशेरा' को लेकर चर्चा में हैं। पहली बार किसी फिल्म में उनका इतना रौबदार लुक देखने को मिला है। रणबीर कपूर के करियर की यह पहली एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी। फिल्म 'शमशेरा' में रणबीर कपूर का लुक सामने आने के बाद इस फिल्म को लेकर फैंस के बीच खासा एक्साइटमेंट देखने को मिल रहा है। यकीनन रणबीर कपूर इससे बेहद खुश होंगे, लेकिन अभिनेता की यह खुशी उनके पिता ऋषि कपूर के बिना अधूरी है। रणबीर को इस बात का दुख है कि उनके पिता यह फिल्म देखने के लिए इस दुनिया में जीवित नहीं हैं। रणबीर कपूर ने अपने करियर में ज्यादातर सिंपल किरदार ही अदा किए हैं, जिनमें उनकी छवि चॉकलेटी या चुलबुले मस्तमौला लड़के की रही। हालांकि, संजू के बाद यह छवि बदली, लेकिन अब जब वह एक्शन हीरो की छवि बनाने के लिए तैयार हैं, ऐसे में अभिनेता ने अपने पिता को याद किया। उनका मानना है कि अगर ऋषि कपूर जिंदा होते तो रणबीर को शमशेरा लुक में देखकर बेहद खुश होते, क्योंकि वह हमेशा चाहते थे कि उनका बेटा ऐसे किरदार करे, जो देश भर के दर्शकों से जुड़ सके। रणबीर कपूर ने अपने पिता ऋषि कपूर को याद करते हुए कहा, 'काश मेरे पिता इस फिल्म को देखने के लिए जिंदा होते। वह हमेशा अपनी आलोचना के बारे में स्पष्ट रूप से ईमानदार रहे हैं, अगर उन्हें कुछ पसंद आया या फिर कुछ पसंद नहीं आया। खासकर मेरे काम के साथ। यह दुख की बात है कि वह इसे देखने के लिए साथ नहीं हैं।'बात करें शमशेरा की तो फिल्म में रणबीर कपूर 'शमशेरा' डकैत के किरदार में दिखेंगे। वहीं, अभिनेता संजय दत्त एक बार फिर खूंखार विलेन बनकर आ रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त अंग्रेज जनरल पुलिसकर्मी शुद्ध सिंह के किरदार में दिखाई देने वाले हैं। करण मल्होत्रा द्वारा निर्देशित 'शमशेरा' 22 जुलाई 2022 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# कैसी है फिल्म की कहानी, कहां हुई शूटिंग, क्या डबल रोल में नजर आएंगे रणबीर कपूर जानिए सबकुछ

**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म 'शमशेरा' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म 'संजू' के चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे रणबीर कपूर का क्रेज इस कदर है कि करण मल्होत्रा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टीजर को 24 घंटों में ही 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने देख लिया है। अब यश राज फिल्म्स 'शमशेरा' का ट्रेलर रिलीज करने की तैयारियों में जुट गए हैं। आज यानी 24 जून को दुनियाभर में संजय दत्त और वाणी कपूर अभिनीत फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने वाला है। लोगों की उत्सुक्ता को देखते हुए हम ट्रेलर के लॉन्च होने से पहले फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टार कास्ट तक की जानकारी देने जा रहे हैं। पढ़िएष्ठ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'शमशेरा' एक डाकू की नहीं, बल्कि 1800 के दशक में अपने अधिकारों और अंग्रेजों से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाली डकैट जनजाति की कहानी है। यह वीरता की एक अद्भुत कहानी है। एक खातरनाक लेकिन रौबदार डाकू और एक डेरा लेकर गांव गांव घूमने वाली नचनिया की प्रेम कहानी है। फिल्म 'शमशेरा' में रणबीर कपूर डबल रोल में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रणबीर कपूर फिल्म में नायक की भूमिका निभाने के साथ-साथ पिता के रूप में भी दिखाई देने वाले हैं। बता दें कि रणबीर कपूर के 12 साल के लंबे करियर में यह पहली बार है जब अभिनेता डबल रोल में नजर आएंगे। करण मल्होत्रा द्वारा निर्देशित 'शमशेरा' में पहली बार संजय दत्त के साथ रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में एक तरफ जहां संजय दत्त एक शत्रु का किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे, वहीं दूसरी तरफ वाणी कपूर नचनिया के रूप में नजर आएंगी। खबरों की माने तो वाणी ने इस फिल्म में अपनी भूमिका के लिए कथक की स्पेशल ट्रेनिंग ली है। इतना ही नहीं, वाणी को अनोखे अंदाज में संवाद बोलने की प्रशिक्षण देने के लिए अवध से एक खास ट्रेनर भी बुलाया गया था। रणबीर कपूर और वाणी कपूर की फिल्म की शूटिंग लद्दाख में हुई है। बता दें कि केंद्र शासित प्रदेश घोषित होने के बाद 'शमशेरा' लद्दाख में शूट की जाने वाली पहली फिल्म है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए रणबीर ने कथित तौर पर 20 करोड़ रुपये, संजय ने 8 करोड़ रुपए, वाणी कपूर ने 5 करोड़ रुपये और रोनित रॉय ने 4 करोड़ रुपये की फीस ली है।



# पहली नजर में ही कोमल पर दिल हार बैठे थे रफ्तार, अब शादी के छह साल बाद ले रहे तलाक

**नई दिल्ली ।** मशहूर रैपर रफ्तार उर्फ दिलिन नायर और उनकी पतनी कोमल शादी के छह साल बाद तलाक रहे हैं। दोनों काफी समय से अलग रह रहे हैं और अब ऑफिशियली अलग होने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार दोनों ने 2020 में ही तलाक के लिए अर्जी दे दी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते उनका तलाक हो नहीं पाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच शादी के कुछ समय बाद से ही परेशानियां शुरू हो गई थीं। अब दोनों ही अपने जीवन में आगे बढ़ चुके हैं और तलाक ले रहे हैं। सूत्र ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण उनका तलाक टल गया था। अब दोनों 6 अक्टूबर, 2022 को तलाक लेने के लिए कागजात पर साइन करेंगे। इस बात को उनके सभी करीबी जानते हैं। रफ्तार और कोमल ने लव मैरेज की थी। दोनों 2011 में एक दोस्त की पार्टी में मिले थे और पहली नजर में ही प्यार हो गया था। पांच साल एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2016 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। अब दोनों शादी के छह साल के बाद अलग हो रहे हैं। दोनों ने सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे को अनफॉलो कर दिया है और शादी की तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं। कोमल अभिनेता करण और कुणाल बोहरा की बहन हैं। रफ्तार ने अपनी करियर की शुरुआत एक बैकग्राउंड डांसर के रूप में की थी। इसके अलावा वह बॉलीवुड की कई फिल्मों में गाने गा चुके हैं। वहीं, वह 'रोडीज' मे गैंग लीडर और 'डांस इंडिया डांस' के सीजन 7 में भी जज की भूमिका निभा चुके हैं। रफ्तार ने 'झलक दिखला जा' डांसिंग रियलिटी शो भी हिस्सा लिया था।



# फिल्म इंडस्ट्री में अनिल कपूर ने पूरे किए 39 साल, पोस्ट शेयर कर याद किए बीते दिन

**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर इन दिनों अपनी फिल्म जुग जुग जियो को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। एक्टर की यह फिल्म आज देशभर में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में अब सभी इस फिल्म को मिलने वाली प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच फिल्म में नजर आए अभिनेता अनिल कपूर ने इस दिन से जुग जुग जियो तक आज 39 साल!ठ एक्टर के शेयर किए गए इस पोस्ट पर उनके फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही उनकी इस फिल्म को भी याद कर लगातार कमेंट्स कर रहे हैं। फिल्म की एक तस्वीर के साथ ही अनिल ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की एक क्लिप भी साझा की और इसे कैप्शन दिया, वो सात दिन में प्रेम प्रताप सिंह पटियालावाले से जुग जुग जियो के भीम तक यह इतनी शानदार यात्रा रही है आज से 39 साल पहले मेरी जिंदगी बदल गई और पुरानी यादें असली हैं! यह वीडियो पुरानी यादों की यात्रा है अभिनेता के इस पोस्ट को देख फैंस भावुक हो उठे हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, सड्डा भी कोई नाम है, सम्मान है, घराना है! , बढि़या फिल्म!ठ वहीं, एक अन्य ने लिखा, मेरी सबसे पसंदीदा और मेरे दिल के करीब फिल्मों में से एक। और इस कहानी का वो हिस्सा जब अनिल जी आपने अपना पेट गीले कपड़े से बांधा था।ठ एक यूजर ने लिखा, जुग जुग जियो कपूर साहब।इंडस्ट्री में 39 साल पूरे करने वाले अनिल कपूर अपने करियर में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्मों और टेलीविजन श्रृंखलाओं में भूमिका निभाने के अलावा 100 से अधिक फिल्मों में काम कर





चुके हैं। अभिनेता ने 90 के दशक में अपने प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कार जीते और अपनी कई महान भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। अपनी दमदार अदाकारी के लिए मशहूर एक्टर एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है। अनिल कपूर, वरुण धवन, कियारा आडवाणी, नीतू कपूर, अनिल कपूर, मनीष पॉल और प्राजक्ता कोली के साथ फिल्म जुग जुग जियो में नजर आएंगे।

फिल्म के साथ ही इंडस्ट्री में अपने 39 साल भी पूरे कर लिए हैं। 65 वर्षीय एक्टर ने साल 1983 में फिल्म वो सात दिन की रिलीज के साथ बॉलीवुड फिल्म उद्योग में अपनी शुरुआत की थी। यह फिल्म आज ही के दिन रिलीज की गई थी।फिल्म वो सात दिन की 39वीं वर्षगांठ मनाते हुए सुपरस्टार ने ट्विटर पर फिल्म की एक तस्वीर भी साझा की। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, वो 7

# हाल ही में रिलीज हुई कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई हैं, और कई धमाकेदार फिल्में रिलीज होने की कतार में हैं..........

**नई दिल्ली ।** फिलहाल दर्शकों को भरपूर मनोरंजन के लिए अपनी कमर कस लेनी चाहिए, क्योंकि इस साल में अब भी कई रोमांचक, एक्शन थ्रिलर और कॉमेडी का डबल डोज देने वाली फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ऐसे में बचे हुए साल 2022 में भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होने वाला है। तो चलिए नजर डालते हैं रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट पर। कंदील बलोच का नाम तो आपने सुना होगा। सोशल मीडिया पर समाज में पुरुष चौधराहट के खिलाफ लगातार वीडियो बनाने वाली कंदील बलोच की उनके ही भाई ने कथित रूप से छह साल पहले हत्या कर दी थी। मामला भले ये पाकिस्तान का रहा लेकिन इसकी प्रतिध्वनि पूरी दुनिया में सुनाई दी थी। हाल ही में इन्हीं कंदील बलोच पर एक फिल्म शुरू होने की खबर हमने आपको दी थी। अलंकृता श्रीवास्तव की इस फिल्म से पहले ही इस शख्सियत पर एक पाकिस्तानी धारावाहिक बनकर तैयार हो गया है और इसका प्रसारण पाकिस्तानी धारावाहिकों के लिए मशहूर चैनल 'जिंदगी' पर होने जा रहा है। मंगलवार से शुरू होने जा रहे इस धारावाहिक का नाम है, 'बागी' और चर्चित अभिनेत्री सबा कमर कंदील बलोच की भूमिका निभाने जा रही हैं। 'जिंदगी गुलज़ार है', 'ऑन जारा' और 'सदके तुम्हारे' जैसे शोज के साथ चैलन 'जिंदगी' को हाल ही में डीटीएच लॉन्च किया गया है। अब चैनल 'जिंदगी' अपनी एक और नई पेशकश 'बागी' को लॉन्च करने जा रहा है। 'बागी' फौजिया बातूल ऊर्फ कंदील बलोच की ऑनर किलिंग की एक दुखद दास्तां है और इस निर्मम हत्याकांड ने पूरी दुनिया को चौंका दिया था। इस शो में फौजिया बातूल की लीड भूमिका सबा कमर निभा रही हैं। यह बलोच के एक अनोखे गांव की एक युवा लड़की की कहानी है, जो अभिनेत्री बनना चाहती है। 'बागी' कंदील बलोच के रूप में उसकी अपनी पहचान पाने के रास्ते में आने वाली बाधाओं से उसके संघर्ष की कहानी है। शो में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताते हुए सबा कमर ने कहा, ङ्खकंदील का व्यक्तित्व ऊर्जावान एवं उत्साही था। वह एक सार्वजनिक हस्ती थी और अपने बोल्ड एवं मुखर प्रकृति की वजह से वह हमेशा ही सुखियों में रही। उसकी जिंदगी पर अक्सर लोगों की नजर रहती थी। मैंने जब स्क्रिप्ट पढ़ी तो कंदील के साहसी और प्रखर व्यक्तित्व के साथ फौरन ही जुड़ाव महसूस करने लग गई। 'बागी' उसके निडर जीवन को बिल्कुल सटीक तरीके से दिखाता है। परदे पर एक ऐसे निडर किरदार को निभाने का मौका मिलना मेरे लिए एक जीवन बदलने वाला अनुभव रहा है और जिंदगी द्वारा इसके डीटीएच सर्विसेज पर इस सीरीज की एक बार फिर से पेशकश करने के मौके पर मैं उत्साहित होने के साथ ही नर्वस भी हूं शो के बारे में बताते हुए जी स्पेशल प्रोजेक्ट्स की मुख्य क्रिएटिव अधिकारी शैलजा केजरीवाल कहती हैं, ङ्खधारावाहिक 'बागी' असल जिंदगी की एक कहानी है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र में शख्सियतों की संवेदनशीलताएं दिखाई गई हैं। समाज सोशल मीडिया के स्टार्स और उनकी जिंदगी को कैसे देखती है, यह इसी का प्रतिबिंब है। हम जिन कहानियों को दिखाते हैं, उनमें सोशल लेंस के माध्यम से देखे जाने वाले विचारोत्तेजक कंटेंट पर मजबूत फोकस होता है। हमें अपने दर्शकों के लिए ऐसी ही एक और कहानी लाकर गर्व महसूस हो रहा है।ङ्क धारावाहिक का प्रसाण प्रसारण 28 जून को शाम 7 बजे से डीटीएच सेवाओं पर उपलब्ध चैनल 'जिंदगी' पर शुरू होने जा रहा है। सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरों को लेकर चर्चित रहीं पाकिस्तानी अभिनेत्री कंदील बलोच की जुलाई 2016 में उनके घर पर ही हत्या कर दी गई थी। कहा जाता है कि कंदील के भाई को अपनी बहन के पेशे से नफरत थी और वह उसे पहले भी सोशल मीडिया पर अपनी उत्तेजक तस्वीरें साझा करने के लिए मना कर चुका था। कंदील के पिता मोहम्मद अजीम के मुताबिक घटना वाले दिन कंदील ईद मनाने कराची से मुल्तान आई थी। वहीं उसका भाई वसीम भी आया हुआ था। रात में जब सब सोने चले गए तो वसीम ने कथित रूप से कंदील बलोच का सोते में ही गला घोंट दिया।







# बॉक्स ऑफिस पर धीमी हुई 'भूल भुलैया 2' की रफ्तार, इस हफ्ते 'जुग जुग जियो' का कैसा रहेगा हाल

**नई दिल्ली ।** बीते कई दिनों से बॉक्स ऑफिस पर अलग-अलग भाषाओं की फिल्में लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। बीते शुक्रवार और उससे पहले तक रिलीज हुई इन फिल्मों को लोगों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी बीच आज यानी शुक्रवार को फिर से बॉक्स ऑफिस पर कुछ और नई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ऐसे में इन नई फिल्मों का प्रदर्शन कैसा रहेगा यह तो बाद में देखने को मिलेगा। वहीं, मौजूदा समय में सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रहीं फिल्मों के गुरुवार को हुए कारोबार के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। आइए जानते हैं बीते दिन किस फिल्म ने की कितनी कमाई बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया 2' की चमक अब धीरे-धीरे कम होती नजर आ रही हैं। बीते कई समय से दर्शकों की तरफ से मिल रही शानदार प्रतिक्रिया की बदौलत फिल्म सिनेमाघरों पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही थी। लेकिन 35वें दिन फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली। फिल्म ने बीते दिन करीब 51 लाख रुपये का कारोबार किया है। साउथ सुपरस्टार कमल हासन की फिल्म विक्रम दुनियाभर जमकर कमाई कर रही है। इस फिल्म के जरिए चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे कमल हासन का जादू आज भी लोगों के सर पर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म ने तमिलनाडु बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ कमा लिए हैं। वहीं, देशभर में इसने 250 और दुनिया भर में 390 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। रक्षित शेट्टी स्टारर फिल्म 777 चार्ली अपनी बेहतरीन कहानी के लिए लोगों को काफी पसंद आ रही है। हालांकि, इसके बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से ही कमाई कर रही है। इसी बीच फिल्म के 14वें दिन हुए कारोबार के आंकड़ें सामने आ गए हैं। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने अपने दूसरे गुरुवार को देशभर में कुल 63.5 करोड़ कमा लिए है इसी बीच अब बहुप्रतीक्षित फिल्म जुग जुग जियो भी रिलीज हो चुकी हैं। ऐसे में अब यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखाती है, यह देखना दिलचस्प होगा। कई रिपोर्ट्स का दावा है कि फिल्म दो अंकों की ओपनिंग ले सकती है। लेकिन, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह कार्तिक आर्यन, तब्बू और कियारा की भूल भुलैया 2 को पछाड़ पाएगी।



# जल्द आने जा रहा है 'हेरा फेरी' का तीसरा पार्ट जानिए कौन निभाएगा 'बाबू भैया' का किरदार

वर्षों पहले पर्दे पर आई फिल्म 'हेरा फेरी' में बॉलीवुड अभिनेताओं की जादुई तिगड़ी ने सभी को खूब गुदगुदाया था। अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी स्टारर फिल्म 'हेरा फेरी' और 'फिर हेरा फेरी' ने दर्शकों के चेहरों पर मुस्कुराहट ला दी थी। श्याम, बाबूराव और राजू के किरदार और उनकी जुगाड़बाजी को आज भी लोग भूल नहीं पाए हैं। फिल्म के दूसरे पार्ट का अंत कुछ इस तरह हुआ था कि लग रहा था बहुत जल्द इसका तीसरा पार्ट दर्शकों का मनोरंजन करता दिखेगा। हालांकि, अभी तक चाहने वालों की इच्छा पूरी नहीं हो सकी है, वह लोग लंबे समय से इसके तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब इस फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही सिनेमाघरों में इस तिगड़ी की वापसी हो सकती है। जी हां, साल 2000 में आई फिल्म 'हेरा फेरी' की वापसी की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक अच्छी खबर सामने आ रही है। दरअसल, एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मशहूर फ्रैंचाइजी के मेकर्स ने फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। 'हेरा फेरी' के प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला का कहना है कि वह 'हेरा फेरी' का तीसरा पार्ट भी पुरानी स्टार कास्ट के साथ ही बनाएंगे और इसकी आधिकारिक घोषणा भी जल्द ही की जाएगी पिछले दिनों परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' पर बयान दिया था कि अगर पहले जैसा रोल होगा तो वह फिल्म नहीं करेंगे। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता का ऐसा बयान सुन फिल्म के फैंस में मायूसी देखने को मिली थी। लेकिन फिरोज नाडियाडवाला के इस बयान के बाद फैंस में फिर से खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। दरअसल, फिल्म की स्टारकास्ट ने दर्शकों के दिलों में ऐसी जगह बनाई है, जिसे किसी और को निभाते देख पाना शायद ही उन्हें पसंद आए। यही कारण है कि मेकर्स किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिरोज नाडियाडवाला का कहना है कि 'अक्षय, परेश भाई और सुनील जी फिल्म में होंगे। स्टोरी पर काम हो रहा है। फिल्म वैसी ही बनेगी और किरदारों की मासूमियत बरकरार रहेगी।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।







स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, बेकिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306060178, 9026359274